तापमान

अधिकतम 41.9 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



सिविल लाइन क्षेत्र में मेंटनेंस के चलते फीडर बंद होने से पांच घंटे बिजली बाधित रही।

## खबर संक्षेप

### आरक्षक से हुज्जतबाजी फरार आरोपी का बेटा भतीजा गिरफ्तार

**बिलासपुर।** छापामार कार्रवाई के दौरान आरक्षक से हुज्जतबाजी करने वाले फरार आरोपी गुण्डा बदमाश के बेटे व भतीजे के खिलाफ शासकीय कार्य में व्यवधान डालने की धाराओं के तहत अपराध कायम कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार की रात 1 बजे कोतवाली सीएसपी आईपीएस अधिकारी गगन कुमार के नेतृत्व में कोतवाली व तोरवा पुलिस ने मस्तूरी गोलीकांड में फरार आरोपी तोरवा थाने का गुण्डा बदमाश नागेन्द्र राय के घर में छापा मारा गया था। घर में घुसने के लिए आरोपी के बेटा उदयांचल राय व भतीजा सुभ्रत राय के द्वारा शासकीय कार्य में व्यवधान डालते हुए आरक्षक अजय शर्मा के साथ हुज्जतबाजी कर रहे थे। टीआई रजनीश सिंह ने बताया, आरक्षक अजय शर्मा की रिपोर्ट पर शासकीय कार्य में व्यवधान डालने बीएनएस की धारा 132, 221, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी उदयांचल राय व सुभ्रत राय को गिरफ्तार कर लिया है।

### लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दुकानदारों के मोबाइल से लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मल्हार चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया, चकरबेढ़ा निवासी शिवकुमार राय ने रिपोर्ट लिखाई। उनका परिचित पचपेड़ी निवासी ध्रुवकारी निवासी गोपी कश्यप उन्हें लोन दिलाने के लिए बोलकर उनके मोबाइल से आनलाइन लोन सैकशन कराकर खाते में आई 80 हजार रुपए को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया। उन्हें कहा कंपनी से लोन आएगा तो उन्हें 80 हजार रुपए मिल जाएगा। ठगी होने की आशका पर उन्होंने बैंक में जाकर पतासाजी की तो जानकारी मिली कि लोन की राशि 80 हजार रुपए अलग अलग किस्तों में गोपी कश्यप ने अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया है। इसी तरह पेटीएम बाक्स सुधारने के नाम पर अन्य लोगों से लोन की रुपए को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर आरोपी गोपी कश्यप को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर 17 से रद्द



**बिलासपुर।** पूर्व तटीय रेलवे के सम्बलपुर मंडल के बलांगीर-सम्बलपुर सेक्शन में गर्डर लांचिंग/डि-लांचिंग कार्य के लिए ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल से संबंधित गाड़ी संख्या 58213/58214 बिलासपुर-टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर दिनांक 17, 18, 27 एवं 28 अप्रैल को रद्द रहेगी । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा सेक्शन में रोड अंडरब्रिज निर्माण के लिए गर्डर लॉन्चिग कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । 15 अप्रैल को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा सेक्शन बीच किमी 755/08-10 और 07-09 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 380 पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उक्त रोड अंडरब्रिज निर्माण में रिलीविंग गर्डरों के लॉन्चिग हेतु ट्रैफिक-सह पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 17 एवं 19 अप्रैल को रायपुर-बिलासपुर मेमू बिलासपुर-रायपुर मेमू और गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर रद्द रहेगी।

# नियति ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ किया टॉप

**स्निग्धा को 98.8 प्रतिशत अंक**

## सीबीएसई ने 10वीं सेशन – 1 का रिजल्ट जारी किया, जिले से 5400 छात्र हुए थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन यानी सीबीएसई ने 10 वीं सेशन - 1 का रिजल्ट जारी कर दिया है। लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99% है, जबकि लड़कों का रिजल्ट 92.95% दर्ज किया गया है। बिलासपुर जिले से 5400 छात्र इसमें शामिल हुए थे। इसमें 200 से अधिक छात्रों ने कमाल करते हुए 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। बिलासपुर से सेंट फ्रांसिस स्कूल की छात्रा नियति चंद्रवंशी ने 99.2 प्रतिशत लाकर शहर को गौरवान्वित किया है, इन्होंने बताया कि ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की थी, प्रतिदिन 2 से 3 घंटे सेल्फ स्टडी भी करती थी। नियति ने बताया कि पिता लवलेश कुमार चंद्रवंशी हाईकोर्ट में सेक्शन ऑफिसर है व माता



नियति चंद्रवंशी



स्निग्धा मजूमदार

भारती व्याख्याता है। इस परिणाम में अभिभावक का सहयोग भरपूर मिला। यही वजह है कि आज मैंने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की छात्रा स्निग्धा मजूमदार ने 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान में है। इसी तरह कृष्णा पब्लिक स्कूल के छात्र अभिराज पांडे ने 98.2 प्रतिशत अंक पाया है। गौरतलब है कि सीबीएसई मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। ध्यान रहे कि इस साल सीबीएसई ने कक्षा 10वीं की एग्जाम नए टू बोर्ड सिस्टम के तहत आयोजित की है। पहला बोर्ड एग्जाम (अनिवार्य) 17 फरवरी से 11 मार्च 2026 को हुआ था। वहीं दूसरा बोर्ड एग्जाम (ऑप्शनल) है जो 15 मई से 1 जून 2026 तक होगा। 10वीं बोर्ड सेशन - 2 एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। इसमें अधिकतम 3 अंकों में सुधार का मौका मिलेगा। इसके अलावा 2 विषयों में फेल छात्रों को कंपार्टमेंट कैटेगरी में रखा गया है, जो दूसरी एग्जाम दे सकते हैं। तीन या इससे ज्यादा सब्जेक्ट में फेल छात्रों को 2027 की मेन एग्जाम देनी होगी।



सीबीएसई 10वीं बोर्ड में नियति ने 99 .2 अंक लाकर परिजन के साथ सेलिब्रेट कर मुंह मीठा किया।

### 33% पासिंग मार्क्स जरूरी था

स्कूलों के मुताबिक सीबीएसई 10वीं सेशन - 1 की परीक्षाओं में पास होने के लिए, थ्योरी और इंटरनल असेसमेंट दोनों में न्यूनतम 33% अंक लाना जरूरी है। इस साल 10वीं बोर्ड सेशन - 1 एग्जाम देश के 8 हजार से ज्यादा एग्जाम सेंटर पर आयोजित की गई थी। स्टूडेंट्स अपने रोल नंबर की मदद से ऑनलाइन मार्कशीट डाउनलोड कर सकते हैं।

### अधिकतर टॉपर्स की पसंद गणित व विज्ञान

बिलासपुर के निजी स्कूलों के लगभग सभी बच्चों का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। इनमें से स्कूल के अधिकतर बच्चों ने इस बार 90% से अधिक नंबर हासिल किए है। अधिकांश बच्चों ने गणित और विज्ञान विषय लेने की इच्छा जताई है। सभी बच्चे परिणाम से खुश हैं तो कुछ ने 10वीं बोर्ड सेशन - 2 एग्जाम में भाग लेने का फैसला किया है। ज्ञात हो कि दूसरा बोर्ड एग्जाम (ऑप्शनल) है जो 15 मई से 1 जून 2026 तक होगा।

## 122 किमी तक पाइप लाइन भी बिछेगी, सड़कों की फिर से होगी खुदाई

# संकट से निपटने 28 करोड़ की नई योजना, इस गर्मी काम रहेगा अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के साथ ही निगम में नए जुड़े वार्डों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए 15 वें वित्त आयोग से 28 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से निगम 11 नई पानी टंकियां बना रहा है तो 122 किलोमीटर की पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। दो साल में पूरा काम होने का टारगेट रखा गया है, जिसमें से 6 महीने गुजर चुके हैं। जाहिर है इस गर्मी में भी बहतराई, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, देवरीखुर्द और सिरगिट्टी, कोनी, घुरू - अमेरी जैसे क्षेत्रों में जलसंकट गहराएगा। हालांकि निगम का दावा है कि कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। खास बात है कि पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई एक बार फिर से की जाएगी।

दरअसल शहर में गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने अमृत मिशन योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार की योजना बनाई है। इसके तहत शहर की चार प्रमुख सड़कों पर खोदाई कर नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। लोक निर्माण विभागने नगर निगम के आवेदन के आधार पर रोड कटिंग के लिए प्रस्ताव भी तैयार कर लिया है। निगम अधिकारियों का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद बहतराई, राजकिशोर नगर और सिरगिट्टी जैसे बड़े इलाकों में जल संकट की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। नेशनल हाईवे के दायरे में आने वाली चार प्रमुख सड़कों पर पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क की खोदाई की जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने पीडब्ल्यूडी को विस्तृत कार्ययोजना भेज दी है। पीडब्ल्यूडी को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत और पुनर्स्थापना का काम अनुबंधित फर्म द्वारा कराया जाएगा, ताकि आम लोगों को आवागमन में ज्यादा परेशानी न हो।



■ बहतराई, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, देवरीखुर्द सिरगिट्टी की पानी टंकियां बिरकोना से जुड़ेंगी

**शहर का जलस्तर 25 फीट तक गिरा**

इधर बिलासपुर में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ ही जलस्तर में गिरावट शुरू हो गई है। जबड़ापारा, बड़ी कोनी और सरकंडा जैसे क्षेत्रों में जलस्तर 15 से 25 फीट तक नीचे चला गया है। कम पानी की शिकायत मिलने पर टैंकरों से पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। देखा जाए तो कई क्षेत्रों में अभी से जलस्तर गिरने से इस बार भीषण जल संकट की आशंका जताई जा रही है। अधिकारी भी मान रहे हैं कि जबड़ापारा, सरकंडा और बड़ी कोनी के लगभग 9-10 बोरवेल में कम पानी आने और लो प्रेशर की समस्या सामने आ रही है। मोपका, लिंगियाडीह, मंगला, सिरगिट्टी में भी यही हाल है।

### बिरकोना प्लांट से जुड़ेंगी 5 बड़ी टंकिया

अधिकारियों के मुताबिक जलागारों तक पानी का दबाव भी बेहतर तरीके से पहुंचेगा। अमृत मिशन योजना के तहत बिरकोना स्थित 72 एचएलडी क्षमता वाले जल शोधन संयंत्र से शहर के पांच प्रमुख जलागारों को जोड़ा जाएगा। इनमें बहतराई, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, देवरीखुर्द और सिरगिट्टी के जलागार शामिल हैं। इन जलागारों तक पानी की आपूर्ति बेहतर बनाने के लिए 150 एमएम से 350 एमएम व्यास की पाइपलाइन बिछाई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन बिछाने का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

### इन मार्गों पर बिछेगी नई पाइपलाइन

**राजकिशोर नगर क्षेत्र** : पटवारी प्रशिक्षण केंद्र से राजकिशोर नगर तक पाइपलाइन बिछेगी।

**देवरीखुर्द मार्ग** : पावर हाउस चौक से देवरीखुर्द मोड़ तक सड़क खोदाई कर पाइपलाइन डाली जाएगी।

**बहतराई क्षेत्र** : बहतराई चौक से खेल परिसर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तक नया जल नेटवर्क जोड़ा जाएगा।

**सिरगिट्टी क्षेत्र** : गणेश नगर चौक से फदहाखार सिरगिट्टी तक पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा।

### यहां बन रहीं 11 नई पानी टंकिया

- बहतराई - 1
- घुरू - 1
- अमेरी - 1
- कोनी -
- खमतराई - 2
- लिंगियाडीह - 2
- सकरी - 2



### समय से पहले पूरा होगा काम

15 वें वित्त आयोग से 28 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से निगम 11 नई पानी टंकियां बना रहा है तो 122 किलोमीटर की पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। दो साल में पूरा काम होने का टारगेट रखा गया है जिसमें से 6 महीने गुजर चुके हैं। समय से पहले काम पूरा कर लिया जाएगा।

**- अनुपम तिवारी**, नोडल अधिकारी

# व्यापार विहार के चार सौ व्यापारी पानी के लिए तरसे





- 400 दुकानों वाले इन व्यापारियों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा
- व्यापारियों ने निगम को ज्ञापन देने के साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी के बीच बिलासपुर संभाग के सबसे बड़े थोक बाजार व्यापार विहार इलाके में पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। यहां सैकड़ों व्यापारी पानी के लिए तरस रहे हैं, जिससे उनका कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। करीब 400 दुकानों वाले इस इलाके में पानी सप्लाई पूरी तरह चरमरा गई है। हालत यह है कि महज 10 से 12 दुकानों तक ही किसी तरह पानी पहुंच पा रहा है, जबकि बाकी दुकानदार बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। इन व्यापारियों ने निगम को ज्ञापन देने के साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी है।

व्यापारियों का कहना है कि रोजमर्रा के कामकाज के लिए पानी बेहद जरूरी है, लेकिन पानी की कमी के चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई दुकानदारों को बाहर से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे उनका अतिरिक्त खर्च भी बढ़ गया है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। व्यापारियों ने इस मामले को लेकर नगर निगम में कई बार शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। अधिकारियों की ओर से केवल आश्वासन ही मिल रहा है, जबकि जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है।

### मांग करके थक चुके, अब आंदोलन

व्यापार विहार व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष पवन वाधवानी ने कहा कि आक्रोशित व्यापारियों ने साफ चेतावनी दे दी है कि यदि जल्द ही पानी सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। अब देखना होगा कि नगर निगम इस गंभीर समस्या पर कब तक कार्रवाई करता है। अधिकारियों से लगातार गुहार लगाकर थक चुके हैं।

### शिकायत पर ध्यान देंगे

फिलहाल कोई बड़ी समस्या तो सामने नहीं आई है फिर भी व्यापारियों की शिकायत पर जरूर ध्यान दिया जाएगा। कहीं कोई कमी होगी तो पाइप लाइन बिछाकर और टैंकरों के माध्यम से सप्लाई की जाएगी।

**- पूजा विधानी**, महापौर

### तीन पंप से मटमैला पानी की शिकायत

व्यापारियों ने मटमैले पानी की भी शिकायत की है। इनका कहना है कि बोर उत्खनन होने से यहां सार्वजनिक सप्लाई वाले तीन पंप से मटमैला पानी आ रहा है। पूरे दिन हजारों लोग इस समस्या को लेकर निगम को कोसते रहे। खास बात यह है कि प्रतिबंध के बावजूद हो रहे पंप उत्खनन पर निगम का कोई नियंत्रण नहीं है। प्रशासन भी गंभीर मामला सामने आने के बाद भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं।

## सिगरेट पीने के शौकीन हो जाएं सावधान...

# व्यापारी के गोदाम में मिली 4.50 लाख की 4 कार्टून डुप्लीकेट गोल्ड फ्लैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिगरेट पीने के शौकीन सावधान हो जाएं ... शहर का एक व्यापारी नामी कंपनी गोल्ड फ्लैग की डुप्लीकेट सिगरेट बनाकर बेच रहा था। कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस के सहयोग से व्यापारी के गोदाम में दबिश देकर 4 कार्टून में डुप्लीकेट सिगरेट जब्त किया है। जब्त सिगरेट की कीमत 4.50 लाख रुपए बताई जा रही है।

सिविल लाइन थाना के एसआई पूरन सिंह बघेल ने बताया कि इंडियन टोबेको कारपोरेशन कंपनी के अधिकारियों को शिकायत मिली कि उनकी कंपनी की गोल्ड



फ्लैग सिगरेट बिलासपुर के एक व्यापारी के द्वारा डुप्लीकेट बनाकर फेरी लगाकर पान ठेला व दुकानों में बेची जा रही है। कंपनी के अधिकारियों के द्वारा शहर में आकर शिकायत की जांच की गई। जांच में उनकी कंपनी की गोल्ड फ्लैग सिगरेट की डुप्लीकेट सिगरेट बनाकर बेचना पाया गया। कंपनी के अधिकारियों ने एसएसपी रजनेश सिंह से मिलकर शिकायत की। एसएसपी श्री सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने अधिकारियों के साथ महाराणा प्रताप चौक के आगे नगर निगम कालोनी में गौरवपथ रोड निवासी रोशन चांदवानी पिता बलराम चांदवानी के गोदाम में दबिश दी गई। गोदाम में 4 कार्टून में सिगरेट के पैकेट मिले।

कंपनी की सिगरेट पैकेट से उसका मिलान करने पर उक्त सिगरेट के पैकेट डुप्लीकेट पाया गया है। पुलिस ने 4 कार्टून सिगरेट जब्त कर गोदाम संचालक को हिरासत में ले लिया है। जब्त सिगरेट की कीमत 4.50 लाख रुपए बताई जा रही है। बताया जाता है कि संचालक चांदवानी की तोरवा में दुकान है और फेरी लगाकर सिगरेट बेचा करता था।

### कहां बन रही थी डुप्लीकेट सिगरेट

पुलिस गोदाम संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है। व्यापारी के पास डुप्लीकेट सिगरेट कहां से आती थी या व्यापारी यहीं सिगरेट बनवा रहा है। पूछताछ के बाद ही खुलासा हो पाएगा।



गोदाम संचालक हिरासत में लिया गया।

### लोगों के सेहद के साथ खिलवाड़

अमूमन नामी कंपनी की सिगरेट पैकेट में फोटो सहित सिगरेट नहीं पीने की चेतावनी लिखी होती है। सिगरेट पीने से कैंसर के शिकार हो सकते हैं। चेतावनी के बाद भी शौकीन बेखौफ होकर सिगरेट पीते हैं। बड़ी संख्या में पुरूष युवाओं के अलावा युवतियां भी सिगरेट पीने के शौकीन हो गई है। यहां तक नाबालिग बच्चे भी इसके चंगुल में फंस गए है। ऐसे में डुप्लीकेट सिगरेट उनके सेहत पर खतरनाक असर डाल सकता है।

TVS

TVS की डीलरशिप के साथ जुड़िए और बनाइए अपनी नई पहचान !

WE ARE HIRING

Walk-in Interview

Bilaspur
- Sales Executive -6
- Field Executive -6
- Driver -2

Address-Near RK Petrol Pump Sarkanda

Mungeli
- Sales Executive -4
- Service Advisor -2
- Technician -4
- Washing Boy -2

Address-Near LIC office Mungeli

"Preference will be Given to Experienced Candidates."
Salary 10000-15000 Per Month+Incentive

BILASPUR TVS
Near RK Petrol Pump Sarkanda
Send your Resume 83588-05000

## खबर संक्षेप

### संत शिरोमणि सेन महाराज की 726 वी जयंती पर शोभायात्रा निकाली



**बिलासपुर।** संत शिरोमणि सेन महाराज की 726 वी जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। इसे हरी झंडी दिखाकर विधायक अमर अग्रवाल ने पूरे सेन भाइयों को जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। रैली गांधी चौक से प्रारंभ होकर मुंगेली नाका मंगला चौक श्रीवास भवन सेन मार्ग मंगला चौक में समाप्त हुई। संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा में पूजा अर्चना करते प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोकचंद श्रीवास, प्रदेश के महासचिव राजू श्रीवास, प्रदेश के उपाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास, प्रदेश के संरक्षण गोरेलाल श्रीवास और संभाग के अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास समस्त जिले एवं इकाई से आए हुए जिला अध्यक्ष और युवा साथी वरिष्ठ जन माता बहनों का स्वागत नंदन वंदन अभिनंदन किया गया।

### कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति के लक्ष्मीकांत संभागीय अध्यक्ष निर्वाचित



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कनौजे रजक समाज सेवा समिति बिलासपुर संभाग का संभाग स्तरीय चुनाव दुलहरा रतनपुर में 12 अप्रैल को कराया गया। बिलासपुर संभाग के जिला कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर, मुंगेली एवं कबीरधाम के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसमें अध्यक्ष पद के लिए अपने निकटतम प्रतिद्वंदी गंगे निर्मलकर एवं रामेश्वर निर्मलकर को 263 मत के अंतर से लक्ष्मीकांत निर्णेजक संभागीय अध्यक्ष के पद पर विजयी हुए। संभागीय महासचिव के पद पर परदेसी निर्मलकर को हराकर सखाराम निर्मलकर 1100 मतों के अंतर से जीत हासिल किए। इसी प्रकार से संभागीय कोषाध्यक्ष के पद पर हरिशंकर उजागर लगभग 200 मतों के अंतर से दुखवा राम निर्मल कर को हराकर विजय हुए। चुनाव कार्य संपन्न कराने में चुनाव अधिकारियों के साथ-साथ समाज के डी आर कर्ष, विश्राम निर्मलकर, महेश कर्ष, ईश्वरी कर्ष, डॉक्टर अग्रसेन कन्नौजे, पित्रेश उजागर, ज्ञान सिंह निर्मलकर, अमरनाथ निर्मलकर, श्रवण निर्मलकर, फेकू राम निर्मलकर, डॉ प्रदीप कुमार निर्णेजक, दिलीप निर्णेजक, बहोरन निर्मलकर, टीकाराम निर्णेजक, बलराम निर्मलकर, सिद्धाराम कर्ष, नारद रजक, श्रवण निर्मलकर, उत्तरा, निर्मलकर, विमल रजक, प्रेम रजक, प्रदीप निर्मलकर मनहरण निर्मलकर, दुजराम रजक, रामकिशोर रजक, नारायण रजक, अमृतलाल सहानी श्याम निर्मलकर, रामसनेही रजक, जगदीश निर्मलकर, आदि पदाधिकारी का सहयोग प्राप्त हुआ।

## बिजनेस प्लस

### माँ वैष्णवी मोटर्स में वेस्पा की 3 दिवसीय 'समर सर्विस कैंप' 18 से




**बिलासपुर।** बिलासपुर में संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए वेस्पा अप्रिलिया के डीलर मां वैष्णवी मोटर्स जहां पर वेस्पा कंपनी के स्कूटर 125 और 150 सीसी के विभिन्न आकर्षक रंगों में उपलब्ध है और अप्रिलिया कंपनी के एसआर 125 और 175 सीसी के स्कूटर एवं रेसिंग बाइक आरएस 457 ओर टीयूओएनओ 457 उपलबध है। डीलर और कंपनी के द्वारा माँ वैष्णवी मोटर्स बिलासपुर में 3 दिवसीय 18,19 एवं 20 अप्रैल को 'समर सर्विस कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में वेस्पा और अप्रिलिया कंपनी के इंजीनियरों द्वारा दोनों कंपनी की वाहनों की जाँच की जाएगी। इसके अतिरिक्त, स्पेयर पार्ट्स और लेबर चार्ज पर छूट भी दी जाएगी। इस अवसर का लाभ उठाएँ। अपनी सुविधा के अनुसार अपॉइंटमेंट बुक करें। माँ वैष्णवी मोटर्स डॉ लाडीकर हॉस्पिटल के पास, पुराना बस स्टैंड रोड बिलासपुर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 9669015575 पर संपर्क कर सकते हैं।




## सराहनीय पहल

### अरपा के लिए 248.43 करोड़ की परियोजना को स्वीकृति देने सीएम से मिले तोखन

# अरपा के 17 किलोमीटर तक दोनों किनारों पर बनेगा ड्रेनेज नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- नदी में जाने वाले दूषित जल का किया जाएगा वैज्ञानिक उपचार

बिलासपुर की जीवनदायिनी अरपा नदी को प्रदूषण मुक्त कर उसकी प्राचीन गरिमा लौटाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई है। केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू के सतत प्रयासों और मार्गदर्शन में 248.43 करोड़ की नई कार्य योजना तैयार कर शासन को अंतिम स्वीकृति के लिए प्रस्तुत की गई है। इसकी विशेषता यह है कि अरपा नदी में गिरने वाले दूषित जल को सीधे रोककर उसका वैज्ञानिक उपचार किया जाएगा।

शहर के लगभग 17 किमी क्षेत्र में नदी के दोनों किनारों पर मजबूत ड्रेनेज नेटवर्क विकसित किया जाएगा, जिसमें करीब 10 किमी लंबी डाइवर्जन सीवर लाइन बनाई जाएगी। इसके माध्यम से नदी में गिरने वाले लगभग 70 नालों के गंदे पानी को बीच में ही इंटरसेप्ट कर नदी में जाने से रोका जाएगा। योजना में एक और महत्वपूर्ण सुधार करते हुए पुराने प्रस्ताव के स्थान पर अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण को शामिल किया गया है, जिससे दूषित जल का पूर्ण शुद्धिकरण होगा। इससे न केवल अरपा नदी की जल गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। तकनीकी दृष्टि से भी यह योजना अत्यंत सुदृढ़ है, जिसमें 57 स्थानों पर इंटरसेप्शन एवं डाइवर्जन संरचनाएं तथा 13 डाइवर्जन वियर का निर्माण प्रस्तावित है। पूरी योजना राष्ट्रीय हरित अधिकरण के मानकों के अनुरूप विशेषज्ञ संस्था द्वारा तैयार की गई है। साथ ही इसमें 5 वर्षों के संचालन एवं संधारण का प्रावधान भी किया गया है, जिससे इसकी दीर्घकालिक प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर सांसद श्री साहू ने परियोजना की शीघ्र स्वीकृति का आग्रह किया है, ताकि अरपा के पुनरुद्धार का कार्य जल्द प्रारंभ हो सके। श्री तोखन ने कहा कि अरपा केवल एक नदी नहीं, बल्कि बिलासपुर की पहचान और आस्था का प्रतीक है। 248.43 करोड़ रुपए की यह योजना अरपा को स्वच्छ, अविरल और जीवंत बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उनका लक्ष्य है कि आने वाले समय में बिलासपुर वासियों को स्वच्छ और निर्मल अरपा का दर्शन हो सके।



### मुख्यमंत्री ने किया जिले में 16 नए कृषि सेवा सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने "सहकार से समृद्धि" योजना के अंतर्गत प्रदेश की 515 प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया, जिसमें बिलासपुर जिले की 16 समितियां भी शामिल हैं। जिले में शुरू हुई नई समितियों में विकासखण्ड कोटा के आमागोहन, दारसागर, अमाली, पोड़ी, पचरा, तखतपुर के कोड़ापुरी, लमेर, पड़रिया, बिल्हा के चुमकवा, अकलतरी, बेलतरा तथा मस्तूरी के शिवटिकारी, सुकुलकारी, धनगंवा, सरसेनी और जलसो शामिल हैं। इन समितियों के माध्यम से किसानों को स्थानीय स्तर पर फसल ऋण (केसीसी), बीज एवं खाद वितरण, धान उपार्जन और नगद लेन-देन की सुविधा मिलेगी। साथ ही सीएससी केंद्रों के जरिए आधार, पैन, आयुष्मान भारत, बिजली बिल भुगतान, बैंकिंग, बीमा सहित 300 से अधिक नागरिक सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इस पहल से किसानों को धान बेचने एवं कृषि कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, समय और लागत की बचत होगी तथा सहकारिता के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, पूर्व विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, मोहित जायसवाल, निरंजन पैकरा, सूरज साधेलाल भारद्वाज, सरोज साहू, लवकुश कश्यप रतनपुर, अंबिका साहू, माधवी वस्त्रकर, भारती माली, ललिता कश्यप, अनुसूया कश्यप आदि मौजूद थे।

### महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा अधिनियम

# आधी आबादी का सम्मानः महिला आरक्षण के समर्थन में महिलाओं ने निकाली रैली






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन लालबहादुर शास्त्री स्कूल स्थित देवकीनंदन दीक्षित सभागार में किया गया। कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के प्रावधान का स्वागत करते हुए महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हजारों महिलाएं महापौर पूजा विधानी एवं राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे की अगुवाई में शामिल हुई। महापौर श्रीमती विधानी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जो उन्हें निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का यह प्रावधान महिलाओं के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है और यह अधिनियम महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आधी आबादी को पूरा हक देने का कार्यक्रम है, जो महिलाओं को समान अधिकार, सम्मान और नेतृत्व के अवसर प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, साहस और सृजन का प्रतीक माना गया है। उन्होंने कहा कि यहां आदिशक्ति मां महामाया विराजमान हैं, जिनकी कृपा से महिलाओं को निरंतर प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि यह धरती नारी साहस और स्वाभिमान की गौरवशाली परंपरा की साक्षी रही है, जिसे आज की महिलाएं आगे बढ़ा रही हैं। कार्यक्रम को वंदना ऊईके एवं लता राठौर ने भी संबोधित किया। ब्रम्हकुमारी दीदी विनीता भगनानी ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्नेहलता शर्मा, गायत्री साहू, प्रिया सिंह, गौरी गुप्ता, नागेश्वरी साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डीएसपी नूपुर उपाध्याय, डीएसपी मंजुलता केरकेट्टा, रेणुका पिंगले, पार्षद सुनीता जगत, रेखा सूर्यवंशी, कमला पुरषोत्तम, रूपाली गुप्ता, संगीता परिहार, रेखा पांडे, मनोरमा सहित हजारों महिलाएं उपस्थित रहीं। रैली का नेतृत्व महापौर पूजा विधानी एवं महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे ने किया। रैली लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से प्रारंभ होकर गोलबाजार, सदर बाजार, प्रताप चौक, राम सेतु चौक होते हुए अरपा रिवर व्यू स्थित अटल परिसर में संपन्न हुई। पल्लवी क्षत्री, प्रिया सिंह एवं गौरी गुप्ता सहित अन्य महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अमृत भारत स्टेशन : 47 स्टेशन में से 22 में काम पूरा

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित का काम किया जा रहा है, जिसमें 47 स्टेशनों में से 22 स्टेशन में काम पूरा किया जा चुका है।

जोन से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में यात्री सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता पर आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य किए हैं।

यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने इस वर्ष 12 नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण एवं कमीशनिंग की गई। इनमें से चार स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े, एक स्टेशन पर 6 मीटर चौड़ा तथा सात अन्य स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज शामिल है। यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में अधिक सुविधा प्रदान करने 9 स्टेशन पर प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने के साथ 3 स्टेशन पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम स्थापित किया गया, जिससे यात्रियों विशेषकर वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं व बच्चों को अपने कोच की सही जानकारी समय पर उपलब्ध हो रही है।

इसी तरह स्टेशन विकास के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 47 स्टेशनों में से 22 स्टेशन पर कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो स्टेशनों को आधुनिक, स्वच्छ एवं यात्री अनुकून बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 17 स्टेशन पर दिव्यांगजन अनुकूल सुविधा की दिशा में पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। वित्तीय वर्ष के दौरान 14 यात्री लिफ्ट एवं 12 एस्केलेटर की कमीशनिंग की गई।

### अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को निःशुल्क ई साईकिल वितरण आज

**बिलासपुर।** समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल समक्ष छत्तीसगढ़ द्वारा एल्टियस के सहयोग से 16 अप्रैल को अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को निःशुल्क ई साईकिल वितरण किया जाएगा। सक्षम परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्री गुरू रामदास हाल गुरुद्वारा दयालबंद में सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह, कार्यक्रम संरक्षक डा. चरण जीत सिंह गंभीर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सरकंडा दयालबंद के डा. परमजीत सिंह सलूजा होंगे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख सुनील कुलकर्णी होंगे। डा. सुरेन्द्र शुक्ला, अनुप कुमार पाण्डेय, सक्षम जिला अध्यक्ष डा. प्रशांत द्विवेदी ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम शामिल होने का अनुरोध किया है।

# छत्तीसगढ़ में प्रथम एडवांस रेटिना मशीन से होगा सफल उपचार

**बिलासपुर।** आईजी कार्यलाय के पास आशीर्वाद लेजर फेको नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. एल. सी. मढ़रिया एवं डॉ. ऐश्वर्य मढ़रिया ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया की नेत्र चिकित्सालय में रेटिना के ऑपरेशन के लिए एडवांस कांस्टेलेशन एल व्हिट्रैक्टोमी जो एल्कॉन अमेरिकन कंपनी की मशीन जो छत्तीसगढ़ व संभाग की प्रथम मशीन से ऑपरेशन की सुविधा अब उपलब्ध है। डॉ. ऐश्वर्य मढरिया जिन्होंने एलवीपीआई हैदराबाद से रेटिना सर्जरी की विशिष्ट ट्रेनिंग व फैलोशिप लेकर आए हैं, इन्होंने बताया कि एडवांस कांस्टेलेशन एल व्हिटरेक्टोमी मशीन से रेटिना के ऑपरेशन, डायबिटीज से होने वाले अंधत्व जिसमें व्हिटरस हेमरेज आंख में खून जम जाता है। ऑपरेशन व नवजात शिशु के रेटिना का जांच व लेजर इलाज कर रहे हैं यह मशीन छत्तीसगढ़ की प्रथम मशीन है, जिसमें मरीजो को रेटिना के इलाज के लिए हैदराबाद,चेन्नई ,दिल्ली जाना पड़ता था मगर यह सुविधा आशीर्वाद अस्पताल में उपलब्ध है। यह मशीन से रेटिना के एडवांस ऑपरेशन पूरी क्षमता के साथ होगा। यह आंख के प्रेशर को सामान्य रखता है, जिससे ऑपरेशन के समय कोई समस्या नहीं होती है, रेटिना ऑपरेशन जल्दी वह सटीक होता है इस मशीन से ऑपरेशन में नहीं के बराबर दर्द होता है। रिकवरी फास्ट होती है इसकी लेजर टेक्नोलॉजी अत्यधिक एडवांस है, जिससे रेटिना में होने वाले रक्त स्त्राव को तुरंत कंट्रोल कर देता है इस मशीने की कटिंग क्षमता 20 हजार कट पर मिनट है, जो अन्य मशीन की तुलना से कई गुना ज्यादा है। छत्तीसगढ़ के मरीजों को अब दूसरे मेट्रो शहर में रेटिना के इलाज के लिए जाने की आवश्यकता नहीं है। चोट लगने के कारण रेटिना खराब हो जाता है, रेटिना डिटेच हो जाता है उनका तुरंत इमरजेंसी रेटिना ऑपरेशन करके रोशनी बचाई जा सकती है। आर ओ पी नवजात शिशु जिनका जन्म 36 सप्ताह से कम या 2 किलों से कम वजन के बच्चों के रेटिना में कमजोरी आ जाती है। जिससे बच्चे अंधत्व के शिकार हो जाते हैं ऐसे बच्चों का नेत्र परीक्षण जन्म के समय व तीन से चार सप्ताह बाद फॉलोअप करना चाहिए।



## हेल्थ प्लस

### डीपीएस का शानदार रिजल्ट, 98.9 प्रतिशत छात्र सफल



**बिलासपुर।** सीबीएसई बोर्ड दसवी में तिफरा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का मान बढाया है। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम बेहद उत्कृष्ट रहा, जिसमें कुल 190 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और इनमें से 188 छात्र सफल घोषित हुए। इस प्रकार विद्यालय का कुल परिणाम 98.9 प्रतिशत रहा। परिणाम के अनुसार 2 विद्यार्थियों को कम्पार्टमेंट मिला, जबकि कोई भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि को छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया है। अंकों के विश्लेषण में देखा जाए तो 17 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 44 विद्यार्थियों ने 90 से 95 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए। वहीं 63 छात्रों ने 80 से 90 प्रतिशत, 16 छात्रों ने 75 से 80 प्रतिशत और 38 विद्यार्थियों ने 60 से 75 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। 12 छात्र 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त कर सके। इस वर्ष विद्यालय का औसत परिणाम 81.9 प्रतिशत रहा, जो कि एक उत्कृष्ट उपलब्धि मानी जा रही है। वहीं विद्यालय का सर्वोच्च अंक 99 प्रतिशत रहा, जिसे एक छात्र ने प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एवीएम के 13 प्लस अधिक छात्रों ने 91% से अधिक अंक मिले



**बिलासपुर।** आधारशिला एसआईपी स्कूल + कोचिंग ने सत्र 2025-26 की 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के 13 से अधिक विद्यार्थियों ने 91% से ऊपर अंक प्राप्त कर जिले में स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि टॉपर छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्कूल के नियमित टेस्ट व डाउट सेशन को दिया। आधार शीला न्यू सैनिक स्कूल कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस वर्ष कुल 80 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 13 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के प्रमुख मेधावी छात्र-छात्राओं में विनायक गुप्ता 97%, कात्यानी साहू 97%, वैशाली साहू 97%, गूंज सिंह पटेल 96%, सुजाता साहू, 96% विद्या राजपूत 95%, प्रवीण कुमार सोनी 94%, यूनित साहू 94%, सोमेश कश्यप 93%, मो. इमदाद हुसैन 93%, अगस्तया निगम 91% अंक प्राप्त किया है।

### बीपीएस सीपत रोड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा



**बिलासपुर।** बीपीएस सीपत रोड का कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्य ने बताया कि यहां के स्नीग्धा मजूमदार 98.8 प्रतिशत, गार्गी गोस्वामी 98.6 प्रतिशत, शौर्या साहू 98.4 प्रतिशत, हर्षिता यादव 97.6 प्रतिशत, सिमरन जीवनानी 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला और अपने माता पिता का नाम रौशन किया है। सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों और अपने परिजन को दिया है। स्कूल प्रबंधन ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सेंट जेवियर्स हाई स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल व्यापार विहार ने कक्षा 10 वीं परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को पुनः सिद्ध किया है। इसमें संस्कृति तंबोली ने 97.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वस्ति साहू ने 97% के साथ द्वितीय तथा आरव सिंह राजपूत ने 96.4% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानमी हालदार एवं समृद्धि केशरी ने 96% अंक प्राप्त किए। धर्मेश देवांगन ने 95.8% तथा संकल्प आहूजा ने 95% अंक अर्जित किए। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में शुभायु मंडल (94.4%), सिद्धार्थ गोयल (94%) तथा श्रेयांश शुक्ला (93.8%) बी बी नाजनीन (93.8%) शामिल हैं। अडबाला श्रीनिधि (93.2%), अंकित डे (93%) और पियूष राज (93%) ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। अनेक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्राचार्य जे. एस. हुंडाल, सीएमडी डॉ. जी. एस. पटनायक, सीईओ ए. सामंतराय, सीएफओ डॉ. पी. वी. मिस्त्री, निदेशक सुश्री लेखाश्री पटनायक एवं प्रबंधन सदस्य सुश्री दिव्याश्री पटनायक तथा सुश्री ए. सुप्रिया, उपप्राचार्या श्रीमती रंजना बहादुर एवं एचएम ए. ललिता ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### जैन इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 10 वीं का शत-प्रतिशत परिणाम



**बिलासपुर।** जैन इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 100% परिणाम हासिल किया। इस वर्ष विद्यालय के टॉप 5 प्रतिशत विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से –मेहरसलूजाने 97.8%, आद्या अग्रवाल 97.4%, मीरा सिन्हा 97.2%, पार्श्व तेजानी 96.2% तथा अभिषेक त्रिवेदी ने 95.8% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। इसके अतिरिक्त, 32 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर बिलासपुर जिले की टॉपर सूची में अपना नाम दर्ज कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की डायरेक्टर अनीता अग्रवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी अशोकअग्रवाल, प्राचार्य डॉ. एस. एस. राजपूत एवं उप-प्राचार्य जयति बेनर्जी ने शुभकामनाएं दी।

### आचार्य इंस्टीटयूट के बच्चों ने 10 वी में मारी बाजी



बिलासपुर। आचार्य इंस्टीटयूट के बच्चों ने 10 वीं सीबीएसई परीक्षा में शानदान प्रदर्शन किया है। इसमें तनिषा चौधरी ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं विनायक गुप्ता 97 प्रतिशत, अर्थव क्रिसमस 96.8 प्रतिशत, सिमरन मोटवानी 96.8 प्रतिशत, मो. अर्जान 96 प्रतिशत, आकांक्षा अग्रवाल 96 प्रतिशत, नैतिक मेश्राम 96 प्रतिशत, आराध्या अग्रवाल 95.8 प्रतिशत, सुवेन श्रीहांस 95.4 प्रतिशत, प्रांजली आनंद 95.2 प्रतिशत, प्रदीप्ती शर्माक 95 प्रतिशत, समृद्धि मिश्रा 95 प्रतिशत, जिज्ञा सिंग 95 प्रतिशत, गार्गी मिश्रा 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। संस्था ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### केपीएस कोनी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिलासपुर।** आज केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी, के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। डायरेक्टर (अकादमिक) सबिता त्रिपाठी ने बताया कि इसमें अभिराज पांडेय 98.2%,शुभ्रा शराफ 98% सुरभि तिवारी 97%, नैतिक मेश्राम 96%,जाह्नवी जायसवाल 95.6%, समृद्धि मिश्रा 95%, जिज्ञा सिंह शांडिल्य 95%, हीत राठौर – 93.8%, आराध्या मिश्रा – 93.8%, नियति श्रीवास्तव – 91.6%, पी. हरिप्रिया – 91.6%, दीपांशी विश्वकर्मा – 90.8%, प्रीति टोंडेय 90.4% अंक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रशासनिक निदेशक वेदांश त्रिपाठी ने कहा कि यह परिणाम विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है और भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा है। प्राचार्या रुंकी अम्बास्था ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। उप-प्राचार्य रमन मिश्रा और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी चंद्रेश घिर्त ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी ।


अयोध्याधाम जा रहे श्रद्धालुओं का नर्तक दल ने किया स्वागत।

वेकैंसी

## अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 तक

**बिलासपुर।** भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए जिले के जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी 22 अप्रैल 2026 तक प्रशिक्षण के लिए आवेदन लिंक पर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी अपना नाम एवं पूर्ण पते के साथ सम्पूर्ण जानकारी दिए गए कॉलम में भरेगें या जिला रोजगार कार्यालय में अपना नाम, पता एवं अग्निवीर पंजीयन कमांक पत्र दर्ज करा सकते हैं, जिससे अधिकाधिक अभ्यर्थी लिखित परीक्षा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।




## एकलव्य विद्यालय में कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी

जिले में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 1 मार्च 2026 को प्रदेश के 27 जिलों के 150 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया था। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली के मार्गदर्शन में तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के संचालन में यह परीक्षा आयोजित की गई थी। राज्य के अंतर्गत संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए यह प्रक्रिया पूरी की गई। अब अभ्यर्थी एकलव्य विद्यालयों की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

# परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**सर्व ब्राम्हण समाज एवं परशु.सेना द्वारा परशुराम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। जयंती पर्व को विशेष बनाने लगातार बैठक कर कार्य योजना बनाई जा रही है। शीतला माता मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा में प्रयागराज की झांकियां, बस्तर के वाद्य यंत्र आकर्षण की केंद्र रहेगी।**



### होंगे चार दिवसीय आयोजन, व्यापक स्तर पर की जा रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर चार दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 18 अप्रैल को लोखंडी स्थित कान्य कुब्ज भवन में पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

19 अप्रैल को आनंदा इम्पीरिया व्यापार विहार में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर इमलीपारा स्थित कान्यकुब्ज भवन में पूजा और भंडारा होगा। घोंघा बाबा मंदिर में बटुकों का निःशुल्क उपनयन संस्कार कराए जाएंगे। राजकिशोर नगर में आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में डॉ प्रदीप शुक्ला, अरविंद दीक्षित, चंद्रप्रकाश वाजपेयी, एसएसडी बड़गैय्या, विवेक वाजपेयी, महेश दुबे, बी. उमा महेश, अरविंद दुबे, राकेश शर्मा, राजेश पांडेय, संजय शर्मा, सुदेश दुबे, अमित तिवारी, अनिल तिवारी, प्रदीप शर्मा, मोहन देव पुजारी, प्रवीण झा, राजेंद्र शुक्ला, विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी, आशीष शुक्ला, जयश्री, संगीता शुक्ला सहित सरयूपारीण ब्राह्मण समाज, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद्, मारवाड़ी ब्राह्मण समाज, महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज और तेलगु समाज के सभी लोग जुटे हैं।

### तोरण, झण्डों से सजाए जाएंगे मार्ग

महोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकलने वाले मार्ग को तोरण, झंडों से सजाया जाएगा। स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। स्वागत में फल, मीठा, शरबत, हलुवा, ठंडा पेयजल का वितरण होगा।

### शोभायात्रा के समापन पर होगी धर्म सभा

21 अप्रैल मंगलवार को शाम साढ़े 4 बजे बाजे-गाजे के साथ शीतला माता मंदिर दयालबंद से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो कि गांधी चौक, जूना बिलासपुर, गोल बाजार, सदर बाजार, सिम्स चौक होते हुए पं. देवकीनंदन दीक्षित स्कूल प्रांगण में समाप्त होगी। यहां एक धर्मसभा होगी। जिसमें स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज का आशीर्वचन होगा। इसके बाद महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें भगवान परशुराम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### लोककलाकार देंगे प्रस्तुति

जहां धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें आशीवर्चन देने प्रमुख रूप से जगदगुरू रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महराज उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा साथ ही भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा तथा शोभायात्रा मार्ग को तोरन एवं झंडों से सजाया जाएगा। शोभायात्रा में बैंड,स्थानीय नर्तक दल प्रयागराज की झांकियां,बस्तर वाद्य यंत्र समेत अनेक प्रायोजन रहेंगे जो शोभायात्रा की शान बढ़ाएंगे।

# हवन, सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोज के साथ भागवत कथा का समापन

**सीपत रोड सरकंडा स्थित शिव कुमार शुक्ला के निवास स्थान में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा सप्ताह का समापन बुधवार को हवन, सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोज के साथ हुआ। पूजन, हवन पं. नीरज भूषण मिश्र सीपत के सानिध्य में संपन्न हुआ।**

### भण्डारे में सैकड़ों लोगों ने लिया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस दौरान भण्डारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कथा कार्यक्रम को सफल बनाने में देवकुमारी, शिव कुमार शुक्ला, मंजू, अरविंद शुक्ला, रोशनी, अजय शुक्ला, अंजू, जितेंद्र शुक्ला, चंद्रकला, निशिकांत शुक्ला, महेंद्र, उमेश, कृष्ण कुमार, रमेश, नरेंद्र, बृजेश, भूपेन्द्र, राजेश, अश्वनी, राकेश शुक्ला सहित पूरे शुक्ला परिवार का सहयोग रहा।



कार्यक्रम

## शोभा टाह फाउंडेशन का सामूहिक विवाह 19 को



**बिलासपुर।** शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह इस वर्ष अपने 13वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस बार यह आयोजन 19 अप्रैल को जूनी लाइन स्थित अग्रवाल भवन में संपन्न होगा। कार्यक्रम में 11 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे। फाउंडेशन के संस्थापक अनिल टाह के निर्देशन में सभी जोड़ों का चयन और सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। परिजनों से बातचीत के बाद ही सभी विवाहों को अंतिम रूप दिया गया है।बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में अनिल टाह द्वारा सभी 11 जोड़ों को विवाह के लिए आवश्यक वस्त्र प्रदान किए गए। वधुओं को साड़ी, चुनरी और श्रृंगार सामग्री दी गई, वहीं वर पक्ष को भी विवाह के वस्त्र उपलब्ध कराए गए।गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की सभी रस्में संपन्न कराई जाएंगी। इसमें हल्दी, तेल सहित अन्य पारंपरिक विधियों को विधिवत निभाया जाएगा। फाउंडेशन की ओर से सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप गृहस्थी में उपयोग होने वाला आवश्यक सामान भी प्रदान किया जाएगा, जिससे नवविवाहित जोड़े अपने नए जीवन की शुरुआत आसानी से कर सकें।

# श्री रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालु अयोध्या धाम रवाना

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन से श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आस्था स्पेशल ट्रेन बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने श्रद्धालुओं से भरी विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग सिंह मौजूद थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने इस अवसर पर कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का सम्मान है, जिसके माध्यम से समाज के हर वर्ग को प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील सोच और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर गाजे-बाजे, पारंपरिक नृत्य, तिलक, फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा के बीच श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के चेहरों पर उल्लास और श्रद्धा के भाव थे। अयोध्या धाम के साथ-साथ वे श्रद्धालु काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करेंगे। दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालु बिलासपुर के श्रीकांत गुप्ता, तखतपुर के बलदाऊ गुप्ता और बिलासपुर निवासी कुवंरिया बाई ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्री रामलला के दर्शन करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है, जो मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए इतनी सुव्यवस्थित और सम्मानजनक व्यवस्था एक सपना साकार होने जैसा है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



### 225 श्रध्दालुओं ने लिया लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय की संवेदनशीलता के कारण आज अनेक महिलाओं को श्री रामलला के दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है, जिसके लिए वे उनके प्रति कृतज्ञ हैं। अन्य दर्शनार्थियों ने भी इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय और भावनात्मक क्षण बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इस विशेष ट्रेन में बिलासपुर जिले के 225 श्रद्धालु भी शामिल हैं। श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या आने-जाने, ठहरने, मंदिर दर्शन, नाश्ता एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। साथ ही यात्रा के दौरान टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मियों एवं चिकित्सकों का दल भी श्रद्धालुओं के साथ मौजूद रहेगा।

## मंदिर की सुविधाओं में विस्तार करने चर्चा, बनाई गई नई कमेटी

**बिलासपुर।** जरहाभाठा स्थित नवदुर्गा शक्तिपीठ मंदिर समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इसमें मंदिर कमेटी में नए सदस्यों की नियुक्ति करने एवं मंदिर की सुविधाओं में विस्तार करने चर्चा की गई।

सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक बृजभान सिंह ठाकुर, दौलत सिंह ठाकुर, अध्यक्ष ओंकार सजवानी, उपाध्यक्ष बृजलाल यादव, मनोज यादव, सचिव विंटेश अग्रवाल, सह सचिव शैलेंद्र सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष द्वारिका सिंह ठाकुर, व्यवस्थापक देवेंद्र सिंह ठाकुर, सोना सिंह ठाकुर चुने गए हैं। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों ने मंदिर कमेटी के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही मंदिर के विकास एवं श्रद्धालुओं के लिए अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में मंदिर कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं नागरिक उपस्थित थे।



आयोजन

## गोवा में होने वाली विश्व हास्य, योग कॉन्फ्रेंस की दी गई जानकारी




**बिलासपुर।** लाफ्टर क्लब महासंघ की विशेष कार्यकारिणी की बैठक राजेंद्र राजू अग्रवाल की अध्यक्षता में सीएमडी चौक में आयोजित की गई। इसमें प्रकाश जोशी का सम्मान किया गया एवं गोवा में होने वाले विश्व हास्य व योग कॉन्फ्रेंस की जानकारी दी गई। रविवार 3 मई को विश्व हास्य दिवस पर विवेकानंद उद्यान में होने वाले आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न गार्डनों से संचालित सभी 21 क्लब के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। साथ ही बताया गया कि यह एक विशेष पर्व के रूप में सेलिब्रेशन होगा। जहां सभी क्लब के अध्यक्षों का सम्मान व मुख्य अभ्यागत का अभिवादन होगा। नई-नई बीमारियों से संबंधित लाफिंग थेरेपी से उपचार के साथ ही जुंबा डांस भी होगा। अंत में हरिहर ऑक्सीजोन वृक्षारोपण समिति की सुव्यवस्थित व्यवस्था को सभी लोगों ने ताली बजाकर स्वीकार किया। देहदान की घोषणा करने वाले हरिहर के सदस्य अजय रजक का फूल माला से सम्मान किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री डीपी गुप्ता एवं प्रकाश जोशी ने संयुक्त रूप से किया। अब तक का हिसाब दिनेश शुक्ला कोषाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महासंघ सहित विभिन्न क्लबों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

स्पोर्टर्स न्यूज

## एडवोकेट लीग में एबी वारियर्स की तीसरी जीत

**बिलासपुर।** एडवोकेट प्रीमियर लीग का आयोजन मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है, जिसमें एबी वारियर्स की टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के तत्वावधान में गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले मैच में एबी वॉरियर्स का सामना एली फीनिक्स स्ट्राइकर्स से हुआ। कप्तान योगेन्द्र पाण्डेय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने 12 ओवर में 144 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इस पारी में ईशान वर्मा ने मात्र 12 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली। वहीं पवन केशरवानी ने 37 रन और हिर्षी ने 6 गेंदों में 16 रन बनाए। गेंदबाजी में एबी वॉरियर्स पूरी तरह हावी रही, जिसमें विपक्षी टीम 69 रनों पर सिमट गई। प्रत्यक्ष शर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए, जबकि विकास पाण्डेय, हर्षित तिवारी, दीपक अग्रवाल ने 2-2 विकेट लिया। इस मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए प्रत्यक्ष शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में एबी वॉरियर्स ने एमएस जायंट्स के खिलाफ मैच खेला गया। एमएस जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 127 रन बनाया। प्रत्यक्ष शर्मा ने 3 ओवर में मात्र 8 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट और कप्तान कप्तान योगेन्द्र पाण्डेय ने 2 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एबी वॉरियर्स की शुरुआत खराब रही। टीम के खिलाड़ी दीपक अग्रवाल ने 17 गेंदों में 53 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। शानदार प्रदर्शन के लिए दीपक अग्रवाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीसरे मैच में एबी वॉरियर्स ने एसजेडी राइजर्स के खिलाफ फिर से अपना दबदबा दिखाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 140 रनों का लक्ष्य रखा। टीम की ओर से दीपक अग्रवाल ने लगातार दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 57 रन बनाए। शादाब अख्तर ने 44 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। जवाब में एसजेडी राइजर्स की टीम 124 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में हर्षित तिवारी ने 3 विकेट, दीपक अग्रवाल और विकास पाण्डेय ने 2-2 विकेट लिए। कप्तान योगेन्द्र पाण्डेय ने 2 खिलाड़ियों को रन आउट कर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच भी दीपक अग्रवाल रहे। लगातार तीन जीत के साथ एबी वॉरियर्स अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर बनी हुई है।




## बिलासपुर बनी सब जूनियर बेसबॉल में ओवरआल चैम्पियन



26वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता बालक बालिका का आयोजन बिलासपुर मे 12 एवं 13 अप्रैल को छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान बिलासपुर मे संपन्न हुआ। इसमे प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

आयोजन सचिव अख्तर खान ने बताया कि समापन समारोह में अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ.पलक जायसवाल, प्रदेश महासचिव मिताली घोष, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.कैरोलाइन सत्तूर, कोषाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा, फाउंडर मेंबर मृत्युंजय शर्मा मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 9 जिलों ने भाग लिया, जिसमें रायपुर, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर, वर्धा, दंतेवाड़ा, बेमेतरा, महासमुंद, मुंगेली शामिल है। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में विजेंता टीम बिलासपुर, उपविजेता टीम दंतेवाड़ा, बालिका वर्ग में विजेता बिलासपुर और उपविजेता टीम बेमेतरा बनी।

बालक वर्ग में पहला मैच कोरबा और मुंगेली के बीच हुआ, जिसमें मुंगेली ने 3-0 से, दूसरे में महासमुंद को बेमेतरा को, तीसरे मैच में कवर्धा ने रायपुर को, चौथे मैच में दंतेवाड़ा ने दुर्ग को हराया। पहला सेमीफाइनल बिलासपुर और कवर्धा के बीच खेला गया, जिसमें बिलासपुर की टीम ने मैच 4-1 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में दंतेवाड़ा की टीम ने बेमेतरा को हराया।

इस प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी 31वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बेसबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जिसका आयोजन 24 से 29 मई तक केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओडिशा में किया जाएगा।

## कबड्डी प्रीमियर लीग की शुरूआत होगी आज से

छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग पुरुष वर्ग सीजन 11 वा संस्करण का आगाज गुरूवार से बस स्टैंड खेल मैदान पथरिया मे आगाज होने जा रहा है। चेयरमैन हेमंत यादव ने बताया की छत्तीसगढ़ प्रो कबड्डी प्रीमियर लीग 11 वें संस्करण का भव्य आगाज 16 अप्रैल से होगा जो 19 अप्रैल तक चलेगा।

यह प्रतियोगिता कबड्डी संघ मुंगेली व जिला कबड्डी संघ व नगर कबड्डी संघ बिलासपुर की मेजबानी मे आयोजित किया जा रहा है, प्रतियोगिता बस स्टैंड खेल मैदान पथरिया जिला मुंगेली में शाम 5 से रात 10 बजे तक आयोजित होगा प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट नियम से खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता मे 8 टीमों के मध्य लीग कम नाक आउट से मैच होगा, छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग की शुरुआत 2016 से हुवा था जो अब तक लगातार प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता को कराने का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को नई ऊंचाई देना है ताकि खिलाड़ियों राष्ट्रीय स्तर व प्रो कबड्डी लीग मे अपनी पहचान बना सके और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर सके। प्रतियोगिता में दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िसा, उत्तरप्रदेश से प्रो कबड्डी व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया।

## खबर संक्षेप

### आज धर्मजीत करेंगे मुख्य मार्ग का भूमिपूजन



**तखतपुर।** महाराणा प्रताप चौक तखतपुर के पास बिलासपुर-तखतपुर मुख्य मार्ग का भूमिपूजन विधायक धर्मजीत सिंह के आतिथ्य में 16 अप्रैल को शाम 4 बजे किया जाएगा। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू एवं महामंत्री प्रमोद ठाकुर ने दी।

### मिनी बालक-बालिका शतरंज प्रतियागिता 19 को

**लोरमी।** जिला मिनी 7 वर्ष, 9 वर्ष बालक-बालिका शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 19 अप्रैल रविवार को नगर के विकासखंड खेल केन्द्र में सुबह 9.30 बजे से आयोजित है। स्पर्धा का आयोजन मुंगेली जिला शतरंज संघ की ओर से किया जा रहा है। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार, मेडल्स व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो को संस्था के सौजन्य से एडवांस ट्रेनिंग देकर राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने तैयार किया जाएगा ।

### श्रीराम सेवा समिति ने किया प्याऊ घर का शुभारंभ



**लोरमी।** भीषण गर्मी में राह चलते लोगों को पानी पिलाने के लिए श्रीराम सेवा समिति की ओर से नगर के 5 स्थानों पर प्याऊ घर की शुरुआत की गई है। इन प्याऊ घरों में राहगीरों को गर्मी भर निशुल्क एवं ठंडा पानी पीने को मिलेगा। प्याऊ घर का शुभारंभ जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा एवं मंडल उपाध्यक्ष विकास केशरवानी ने किया। इस मौके पर तामेश्वर साहू, मुकेश जायसवाल, मनीष यादव, सुमन धीवर, रामू साहू व अभय साहू उपस्थित रहे।

### भाजापाइयों ने किया ग्रामीणों से संवाद

**लोरमी।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर 'ग्राम-बस्ती चलो अभियान' के तहत के भाजपा पदाधिकारियों ने ग्राम लाखासार, जूनापानी, साल्हेघोरी में जनचौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से जनसंवाद किया। इस अवसर विनय साहू, गुरमीत सलूजा, सुजीत वर्मा, दिनेश साह, महाजन जायसवाल, रवि शर्मा, मंडल अध्यक्ष शुशील यादव, राजेंद्र साहू, सन्दीप सोनी आदि मौजूद थे।

## निधन

### सरस्वती बाई कौशिक



**सकरी।** ग्राम पंचायत चिचिरदा के पूर्व सरपंच रामेश्वर प्रसाद कौशिक की धर्मपत्नी सरस्वती बाई कौशिक का 60 वर्ष की आयु में 14 अप्रैल को निधन हो गया। वे रवि कौशिक, चंद्र प्रकाश कौशिक एवं उषा कौशिक की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार 15 अप्रैल को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

---

### देर शाम तक चला सर्च ऑपरेशन

# पिकनिक मनाने गया युवक तालाब में लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी



दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए एक युवक के पानी में कूदने के बाद लापता हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना सकरी क्षेत्र के ललहिकार की बताई जा रही है, जहां युवक के डूबने की आशंका जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोनू ध्रुव 25 वर्ष अपने छह दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने सकरी स्थित ललहिकार पहुंचा था।

सभी दोस्तों ने वहां शराब पार्टी के बाद भोजन किया एवं भोजन के बाद समलपुरी स्थित गोइंदा तालाब में युवक बर्तन धोने लगे, इसी दौरान मोनू ध्रुव ने नहाने की बात कहते हुए जूते-मोजे उतारे और पूरे कपड़ों के साथ तालाब में कूद गया। कुछ समय तक जब वह बाहर नहीं निकला तो उसके दोस्तों को चिंता हुई। साथियों ने उसे खोजने के लिए तालाब में उतरकर काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद तत्काल डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और युवकों से पूछताछ की। थाना प्रभारी के निर्देश पर एसडीआरएफ को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने देर शाम तक तालाब में युवक की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने बताया कि, अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। गुरुवार सुबह फिर से एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम युवक की तलाश शुरू करेगी। सूत्रों के मुताबिक युवक रॉड बांधने का कार्य करता था। युवक पूर्व में उसलापुर का निवासी था, लेकिन फिलहाल वह तिफरा में किराए के मकान में रहता था।

**चलाया जाएगा आपरेशन**

पिकनिक मनाने गए एक युवक के तालाब में डूबने की सूचना पर एसडीआरएफ टीम के साथ युवक की तलाश की जा रही थी। शाम हो जाने के कारण रेस्क्यू जारी रखना संभव नहीं था। गुरुवार को सुबह फिर से युवक को ढूंढने के लिए आपरेशन चलाया जाएगा।

\- विजय चौधरी,
थाना प्रभारी सकरी

## अघोषित बिजली कटौती से किसान हलाकान

- सकरी विमं कार्यालय में की शिकायत
- समस्या दूर नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी



**बिलासपुर।** अघोषित बिजली कटौती से सकरी क्षेत्र के ग्राम पोंड़ी सहित आसपास के गांवों के किसान हलाकान हैं। घंटों बिजली बंद रहने के कारण किसानों के खेतों में लगी धान की फसल सूखने लगी है, पीने के पानी की भी समस्या सामने आ रही है। बुधवार को हलाकान ग्राम पोंड़ी के किसानों ने सकरी विद्युत मंडल कार्यालय में शिकायत की, किसानों ने जल्द समस्या दूर नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

सकरी, गनियारी क्षेत्र के गांवों में इस साल भी किसानों ने खेतों में गर्मी के धान की खेती की है। वर्तमान में धान की फसल में बालियां आ रही हैं, इस समय पौधों को सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है, परन्तु विद्युत मंडल द्वारा की जा रही अघोषित कटौती से किसानों की फसल चौपट होने का खतरा मंडराने लगा है। इससे किसानों का आक्रोश भड़कता जा रहा है। बुधवार को ग्राम पोंड़ी के किसानों ने बिजली की समस्या को लेकर विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव किया।

किसानों ने बताया कि इस समय धान की फसल को पानी की अत्यधिक आवश्यकता है, परन्तु अघोषित कटौती के चलते फसल को नुकसान हो रहा है। पोंड़ी गांव में सिर्फ 4 - 5 घंटे बिजली की सप्लाई हो रही है। चोरभट्ठी सब स्टेशन से किसी भी समय लाइन बदल दी जाती है, जिससे किसानों के पंप बंद हो जाते हैं। लाइनमैन से लगातार शिकायत करने के बाद भी समस्या दूर नहीं होती है। बिजली नहीं होने के कारण ग्रामीणों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने समस्या दूर नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। शिकायत करने वालों में पोंड़ी सरपंच गौकरण प्रसाद, किसान ऋषिकेश त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, उमाशंकर कौशिक, संजय कौशिक, संतोष कौशिक, अनिल कौशिक सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल थे।

### नौ दिवसीय अखंड नवधा रामायण का समापन



**दगोरी।** श्री अखंड नवधा रामायण समिति तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से लगातार अठारहे वर्ष श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में अलग-अलग क्षेत्रों की मानस मंडलियों उपस्थित होकर भगवान श्री रामचंद्र की कथा की सुमधुर प्रस्तुति दी। लगभग 200 मानस मंडली मंचस्थ होकर पारंपरिक, शास्त्रीय, सुगम संगीत के माध्यम से भगवान राम के चरित्र का गुणगान किया। शाम की आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं उपस्थित होकर प्रभु की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों ने आयोजन में शामिल होकर राम भरज का आनंद लिया। इनमें पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, बिल्हा जपं अध्यक्ष डॉ राम कुमार कौशिक इत्यादि ने भगवान श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करने पर बल दिया। कथा का समापन जलयात्रा, हवन, सहस्त्रधारा, पूर्णाहूति व भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी सेवाधारियों का सम्मान श्रीफल प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। साथ ही सभी आमंत्रित मानस मंडलियों को श्रीफल, प्रशस्ति पत्र व सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी संरक्षक, सहयोगिजनों में जनपद सभापति राजकुमार साहू, ग्राम सरपंच मथुरा भारद्वाज, ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, बैसाखू राम निषाद, विंदा निषाद, नरेंद्र सन्नाट, दर्शन लाल कौशिक, घनश्याम कौशिक, श्रवण कौशिक, बंजरहा निषाद, राधेश्याम कौशिक, दशरथ सन्नाट, गंगा निर्मलकर, बाहोरिक साहू ने सहयोग प्रदान किया।

# महिला सम्मान व सशक्तिकरण को बढ़ावा देने निकली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार 15 अप्रैल को पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा महामाया मंदिर से प्रारंभ हुई एवं ठाकुर देव मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होकर महिलाओं ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सदैव महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। यह ऐतिहासिक पहल महिलाओं को समाज में सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंजना देवी दास ने कहा कि, महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का समान अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा देवी दास, शीलू साहू, अंजना जायसवाल, रत्नावली कौशल, पूजा गुप्ता, सुशीला जायसवाल, प्रीति तिवारी, लीना छाबड़ा, प्रेमा अग्रवाल, रत्ना कतले, रेखा ठाकुर, अनीता साहू, अंजनी शर्मा, प्रतिमा श्रीवास, गुड्डी खत्री, दुर्गा श्रीवास, रजनी कश्यप, रेखा शर्मा, त्रिवेणी, अंजली सारथी, निकिता डाकुर, भुनेश्वरी केशरवानी, संगीता रजक, सीमा पुष्पा, गंगोत्री, उमा कात्यानी कोसले सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## विधायक लहरिया ने किया सोंठी परसापली सड़क का भूमिपूजन



**सीपत।** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम सोंठी में मंगलवार को विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विधायक दिलीप लहरिया ने जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि देव सिंह पोर्ते एवं सरपंच नीमा वस्त्रकार के साथ 1 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 2.5 किमी लंबी सोंठी-परसापली-छिंदनार नहर मार्ग का भूमिपूजन किया। इससे पहले विधायक लहरिया परसापली स्थित बजरंगबली मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ कर पूजा-अर्चना की और कार्य का शुभारंभ किया। । इस अवसर पर जिला पंचायत प्रतिनिधि संतोष दुबे, कांग्रेस सोंठी मंडल अध्यक्ष भागीरथी पोर्ते, गतौरा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू, धनिया मंडल अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, कांग्रेस कमेटी सोंठी के पंचायत अध्यक्ष राम कश्यप, उपाध्यक्ष नीता पटेल, कोषाध्यक्ष कौशल प्रसाद, महामंत्री भूषण पटेल, राहुल तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी भागीरथी जायसवाल, सरपंच नीमा गोपी वस्त्रकार, उपसरपंच देवेंद पोर्ते, सचिव दरशराम साहू, पंच सीडी मंहत, महेश्वर नेताम, पूर्णिमा, रामप्यारी, राधेश्याम कश्यप, चिंताराम चंद्राकर, राधे सिदार, भरत कुर्मी, लीलाधर वैष्णव, देवानंद मिश्रा, संतोष प्रजापति, अजय प्रजापति, रमला कंवर, लक्ष्मीन वस्त्रकार, उर्मिला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करें: धरमलाल



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी तिफरा सिरगिट्टी-मंडल की ओर से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार 14 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे वार्ड क्र 7 पंचशील नगर तिफरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया एवं उपस्थित लोगों के बीच मिष्ठान वितरण कर उनके आदर्शों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की उपस्थिति रही। उन्होंने बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात कर समाज में समरसता, समानता और न्याय की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### वर्मा ने बाबा साहब को अर्पित की पुष्पांजलि



**बोदरी।** भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर पालिका बोदरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि व सभापति विजय वर्मा ने वार्ड 3 स्थित डॉ अम्बेडकर चौक पर बाबा साबह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर पार्षद फिरतुराम बनवारे, रोहित साहू, प्रशांत भूमिहार, चंदू स्नेही व बोदरी के नागरिक उपस्थित रहे।

### लगरा में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**लगरा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर कोनी मे भीमराव अंबेडकर जी की छायाचित्र पर सादर नमन कर पुष्प अर्पित की। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष राजेंन्द्र अग्राही, पश्चिम मंडल के अध्यक्ष रत्नाकर, मोनू श्रीवास, अमित मिश्रा, ओमकार पाण्डेय, पुरुषोत्तम पटेल, महामंत्री त्रिदेव रजक, कमल पटेल, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिराज साहू, उपाध्यक्ष दीपक सिंह, दीपकेश्वर पटेल, प्रशांत यादव, महामंत्री आयुष यादव, वैभव टाह, मंत्री हरीश पटेल, किसान मोर्चा के महामंत्री राजेश तिवारी, संतोष कुमार, रवि साहू, सागर सोनकर सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### मेडिकल टीम ने मनाई डॉ अंबेडकर की जयंती



**लोरमी।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीएस दाऊ एवं मेडिकल टीम ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन से जुड़े संघर्षों तथा भारतीय संविधान के निर्माण पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मिंटू छाबड़ा, जीवन साहू, जितेंद्र राजपूत, अवधेश राजपूत, राजेश झरिया, दुर्गा यादव आदि उपस्थित थे।

## कोड़ापुरी में नई कृषि शाख सहकारी समिति का शुभारंभ



**तखतपुर।** ग्राम कोड़ापुरी में नवीन प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसानों की विशेष चिंता कर उनकी हर समस्या का निराकरण कर रही है। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी कृषि कार्य को लेकर न हो इसका ध्यान में रखते हुए सरकार काम कर रही है।

इस अवसर पर जिपं सदस्य अंबिका, जपं अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, महामंत्री अश्वनी साहू, जनपद सदस्य कविता महेश यादव, कोड़ापुरी सरपंच कविता टिकेश साहू, हरप्रसाद कौशिक, दिनेश शर्मा, यशवंत दुबे, मारखंडे टण्डन, योगेश साहू, रामफल निर्मलकर, आनंद अवस्थी, जिला कार्य समिति सदस्य डॉ प्रवीण दुबे, शक्ति केंद्र प्रभारी रामुलाल पटेल, मीना साहू, बद्री साहू, ढेलऊराम साहू, बालमुकुंद जायसवाल, सुखनन्दन पटेल, अरुण पटेल, अशोक साहू, टिकेश साहू, ईवलेश दुबे, दिनेश साहू, बिहारी साहू, मोमेश पटेल, मनहरन वर्मा, सियानंद वर्मा, दिगम्बर राजपूत, मूलचंद पटेल, त्रिभुवन राजपूत व सकरी थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/9/ अति. तह./वा./ 2026
बिलासपुर, दिनांक 09/04/26

ग्राम खमतराई के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक करसौंधन वैश्य विकास समिति सरकण्डा बिलासपुर के द्वारा मौजा खमतराई प.ह.नं. 25 स्थित भूमि खसरा नंबर 559/1/क में से लगभग 7500 वर्गफुट शासकीय भूमि को समाज के अपने सामाजिक, सांस्कृतिक, सार्वजनिक एवं वैवाहिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कोई विशेष स्थान पर्याप्त सुविधाओं से युक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण शासकीय भूमि के लिये हेतु आवेदन प्रस्तुत है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 27/04/26 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 09.04.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.... अ6 2025-26
ग्राम बिरगहनी प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा समस्त ग्राम बिरगहनी तहसील जरहागांव जिला मुंगेली वालों को सूचित किया जाता है आवेदक अशोक कुमार कश्यप पिता झुलाराम कश्यप जाति कुर्मी निवासी ग्राम जरहागांव तहसील जहरगांव जिला मुंगेली द्वारा आवेदक के नाम की ग्राम बिरगहनी प.ह.न. 13 में स्थित भूमि खसरा नंबर 16/1,17/1 रकबा 0.789 हे. भूमि आपसी बंटवारा में प्राप्त किया था किन्तु वर्तमान ऑनलाइन रिकार्ड में उक्त भूमि त्रुटिवश अनावेदक संतोष कुमार रात्रे पिता भीखू रात्रे के नाम पर दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी आम व खास व्यक्ति को कोई आपत्ति/ दावा या उजर हो तो वे स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 5/5/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/4/2026 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ब-121/2025-26
ग्राम पंचायत बिजराकछार

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम चकदा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बजरी बाई पति सुकलू बैगा जाति बैगा निवासी ग्राम चकदा तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/पति/सुकलु जन्म/मृत्यु दिनांक 20.09.2010 को ग्राम चकदा में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 28/04/2026 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा। अतः आज दिनांक 13/04/2026 मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ब-121/2025-26
ग्राम पंचायत बिजराकछार

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम चकदा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बिगरी बाई पति बिरसिंह जाति बैगा निवासी ग्राम चकदा तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/बीरसिंह पिता बुद्धु जन्म/मृत्यु दिनांक 10.05.2010 को ग्राम चकदा में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 28/04/2026 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा। अतः आज दिनांक 13/04/2026 मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

---

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रजनीश उइके पिता बजरंग उइके निवासी दावनबोड़ पो.मोहभट्ठा जिला-बलौदाबाजार भाठापारा का हूं मेरा पूर्व में नाम रजनीश वरकडे पिता भेदनाथ वरकडे था। मेरे 10वीं एवं 12वीं के अंकसूची में भी उक्त नाम का उल्लेख है। मेरी माता के द्वारा तलाक के पश्चात बजरंग उइके से विवाह कर लिया है। मेरे आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र में बजरंग उइके का नाम पिता के स्थान पर दर्ज है। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम रजनीश उइके पिता बजरंग उइके निवासी दावनबोड़ पो.मोहभट्ठा जिला-बलौदाबाजार भाठापारा (छ.ग.) से जाना एवं पहचाना जायें।

**शपथकर्ता-रजनीश उइके**

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सामान्य आवास योजना अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक **ई.डब्ल्यू. एस- 34, मूल आबंटी श्रीमति गंगा बाई राज चौहान पति श्री स्व. राधेश्याम राज चौहान**, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 13.10.2016 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को प्रथम क्रेता **श्री सरोज कुमार साहू पिता श्री भागीरथी साहू** को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

---

**दुकान बिक्री का इकरारनामा**

**प्रथम पक्ष विक्रेता**-महेश दुहलानी उम्र 53 वर्ष पिता शंकर लाल दुहलानी निवासी-नेहरू चौक बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग.
**द्वितीय पक्ष क्रेता :**- धनवा राम बन्जारे उम्र 46 वर्ष पिता स्व. बैसाखु बन्जारे निवासी-हाउस नं. 104, वार्ड नं. 42, शारदा नंद कालोनी, चेक डेम रोड, देवरीखुर्द बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार नं. 5326 5279 6735
कैफियत:- यह कि प्रथम पक्ष के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की दुकान चंद्र शेखर आजार नगर, देवरीखुर्द, मेन रोड बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. मौजा-देवरीखुर्द, प.ह. नं. 43 रा.नि.म. सिरगिट्टी तहसील एवं जिला बिलासपुर में जिसका खसरा नंबर 150/2/न/5 में से रकबा 11x16=176 वर्गफीट भूतल पर निर्मित दुकान छत सहित प्रथम पक्ष को रूपये की उचित प्रतिफल प्राप्त होने से उक्त दुकान को द्वितीय पक्ष को कुल 13,00,000/- (तेरह लाख रूपये) में विक्रय करने का पक्का सौदा कर एडवांस राशि 2,00,000/- (दो लाख रूपये) चेक क्रमांक 108541 बैंक ऑफ इंडिया शाखा व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.) के माध्यम से क्रेता द्वारा विक्रेता को प्रदाय किया गया है। उक्त दुकान की रजिस्ट्री क्रेता अथवा उसके बताये गये व्यक्ति के पक्ष में करवा दिया जावेगा। विक्रेता द्वारा आज दिनांक 07.04.2026 से 30 मई 2026 के भीतर पंजीयन करवाकर एवं दुकान खाली करवा कर द्वितीय पक्षकार को सौंपा जाएगा। उपरोक्त दुकान हर विवाद से मुक्त हैं। उक्त दुकान को अन्य व्यक्ति को रहन गहन बय बिक्री नहीं किया गया है।
दुकान की चौहद्दी निम्नानुसार है :-
उत्तर में-रोड, दक्षिण में-रोड
पूर्व में-विक्रेता का दुकान
पश्चिम में-सुखवानी का दुकान

**संतोष कुमार वस्त्रकार**
**नोटरी बिलासपुर**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा0क्र0 अ-6 अ/2024-25,
ग्राम तुरकाडीह, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तुरकाडीह प0ह0नं0 54 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर सिंह पटेल पिता स्व. पंचराम पटेल उम्र 58 वर्ष निवासी तुरकाडीह तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया है कि ग्राम तुरकाडीह प.ह.नं. 54 रा.नि.म. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 464/1 रकबा 0.31 हे. भूमि को उक्त पारिवारिक व्यवस्था पत्र के आधार पर संबंधित हल्का पटवारी द्वारा आवेदक को प्राप्त भूमि में से खसरा नं 464/1 का टुकड़ा रकबा 0.31 का नया खसरा नंबर 464/8 रकबा 0.31 राजस्व अभिलेख में दर्ज किया गया। यह कि ऑनलाइन रिकार्ड में उक्त खसरा नं. में आवेदक अमर सिंह पटेल के नाम के स्थान पर त्रुटिवश अनावेदक गजानंद का नाम प्रदर्शित हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। अतः उक्त खसरा नं. में ऑनलाइन अभिलेख में सुधार किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 24/4/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 2/4/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**



## खबर संक्षेप

### 96.6 प्रतिशत अंक के साथ नगर का गौरव बनी आयुषी



**पेंड्रा।** मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल की छात्रा आयुषी अग्रवाल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। आयुषी अग्रवाल पेंड्रा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान की सुपुत्री हैं। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार आयुषी ने अपनी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कहा कि, उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

### श्रद्धापूर्वक जल अर्पित करने मात्र से ही भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं: पं रविश



**तखतपुर।** भगवान शिव सहज और सरल ढंग से अपने भक्तों को प्राप्त हो जाते हैं। महादेव एक ऐसे देव हैं, जिन्हें प्रसन्न करने के लिए व्यक्ति को किसी सामाग्री की आवश्यकता नहीं पड़ती है। केवल श्रद्धापूर्वक उन्हें जल अर्पित कर दिया जाए, तो भगवान उसी से प्रसन्न होकर अपने भक्तों की सारी मुसिबतें दूर कर देते हैं। भगवान केवल भक्तों से निष्काम भक्ति की ही चाहत रखते हैं। यह बातें बेलपान में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास पं रविश पांडेय ने कही। इस अवसर पर ललिता संतोष कश्यप, दूर्गा प्रसाद, अजय, राहुल, धीरज, वरूण, अविनाश, अभिजीत, हर्ष, रूद्र, आशा देवी, ममता, राजीव सक्सेना, उमा, विजय गुप्ता, संगीता, संदीप सक्सेना, वर्षा अंकुर सक्सेना, अशोक ठाकुर, महिपाल सिंह, कुंजबिहीरी ध्रुव, स्वारथ मरावी, संतोष कश्यप, रामनाथ निर्मलकर, सुनील साहू, सखन यादव, राकेश तिवारी, टेकंचद कारड़ा, आनंद श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं लाभार्थियों का सम्मान



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान के तहत तखतपुर के ग्राम पंचायत बीजा में मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू और ढनढन में महामंत्री प्रमोद ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान गांव में स्वच्छता अभियान चला कर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व लाभार्थियों के घर जाकर उनको श्रीफल व गमछे से सम्मानित किया गया एवं सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, महामंत्री प्रमोद ठाकुर, मंत्री ऊधो साहू, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष जग्गू कौशिक, युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज रजक, सरपंच सत्येंद्र तिवारी, राजाराम कौशिक, संतोष निर्मलकर, जतिराम साहू, केशव सिंह, पूनम शुक्ला, प्रदीप शर्मा संतोष, गोलू वस्त्रकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जग्गू कौशिक एवं आभार भाजपा नेत्री पूनम शुक्ला ने किया।

### 64 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम रवाना



**मुंगेली।** अयोध्या धाम यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्र योजना नियम 2024' के अंतर्गत जिले में यात्रियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत श्रद्धालुओं के लिए यात्र, आवास एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शासन द्वारा सुनिश्चित की जाती हैं। इसी क्रम में 15 अप्रैल को जिले के 64 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम यात्रा हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिपं मुंगेली अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, उपाध्यक्ष पद्मनी मोहले, जपं पथरिया के सभापति रिंकु सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, जपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष कुमार घोषले एवं सहायक नोडल अधिकारी आशीष ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। योजना के अंतर्गत अब तक मुंगेली जिले से कुल 960 श्रद्धालु अयोध्या धाम एवं काशी विश्वनाथ के दर्शन कर चुके हैं। जिले में इस योजना को लेकर नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आगामी यात्र के तहत 13 मई को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं को दर्शन हेतु रवाना किया जाएगा।

## छतौना की गौठान भूमि पर भवन निर्माण का पारित हो चुका है प्रस्ताव

# अस्पताल निर्माण को लेकर जरहागांव और छतौना के ग्रामीण आमने-सामने





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे जरहागांव व छतौना के ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

नगर पंचायत जरहागांव और ग्राम पंचायत छतौना के बीच प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब सिर्फ एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि बहस, विरोध और सियासी सरगर्मी का केंद्र बन चुका है।

हालांकि इस पूरे घटनाक्रम को केवल राजनीति या आरोप-प्रत्यारोप तक नहीं रखा जा सकता, लेकिन अस्पताल आखिर कहां बने, जहां से अधिकतम लोगों को बेहतर और दीर्घकालीक स्वास्थ्य सुविधा मिल सके, यह सवाल लोगों के मन में जरुर खड़ा हो रहा है। ज्ञात हो कि ग्राम छतौना की गौठान भूमि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का प्रस्ताव जिला पंचायत की सामान्य सभा में पारित हुआ था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने कलेक्टर को भूमि आवंटन की अनुशंसा भेजी और राजस्व विभाग ने भी जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। जैसे ही यह प्रस्ताव सार्वजनिक हुआ, नगर पंचायत जरहागांव में विरोध के स्वर तेज हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां अस्पताल पहले से संचालित है, वहीं नया भवन बनना अधिक व्यवहारिक और जनसुलभ होगा, जबकि छतौना के लोगों का कहना है कि इस परियोजना से क्षेत्र का विकास होगा।

### व्यवस्था और व्यवहारिकता

जरहागांव के नागरिकों का तर्क है कि अस्पताल पहले से नगर क्षेत्र में संचालित है। यहां पहले से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोगों की पहुंच और आदतें इसी स्थान से जुड़ी हैं। उनका कहना है कि यथास्थान अस्पताल के निर्माण से सेवा की निरंतरता बनी रहेगी और लोगों को असुविधा नहीं होगी।

### जुड़ाव और भविष्य की सोच

छतौना के ग्रामीण इस परियोजना को अपने क्षेत्र के विकास की बड़ी पहल मान रहे हैं। उनका तर्क है कि प्रस्तावित भूमि मुख्य मार्ग से जुड़ी हुई है। एंबुलेंस और मरीजों की आवाजाही में सुविधा होगी। थाना, सहकारी समिति और धान खरीदी केंद्र पहले से इसी क्षेत्र में संचालित हैं। दोनों क्षेत्रों के बीच केवल एक पुल का फासला है। ग्रामीणों का मानना है कि यह स्थान भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ज्यादा उपयुक्त साबित हो सकता है।

### ज्ञापन से गरमाया माहौल

मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्थल चयन पर पुनर्विचार की मांग की। इस कदम के बाद मुद्दा पूरी तरह सार्वजनिक और राजनीतिक हो गया। हालांकि बीजेपी से जुड़े जनप्रतिनिधि खुलकर सामने नहीं आए हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर दोनों पक्षों में हलचल जारी है। स्थानीय स्तर पर विवाद के बीच सवाल अब पारदर्शिता पर उठ रहा है। यदि स्थल चयन प्रक्रिया सार्वजनिक हो, निर्माण लागत, टेंडर और एजेंसी की जानकारी सामने आए, कार्य समयबद्ध तरीके से शुरू हो तो ऐसी आशंकाओं पर स्वतः विराम लग सकता है।

### संतुलन कहां बनेगा

इस पूरे विवाद में अहम सवाल हैं कि किस स्थान से अधिक गांवों की पहुंच आसान होगी। आपात स्थिति में कौन-सा स्थल ज्यादा प्रभावी होगा। भविष्य में विस्तार के लिए पर्याप्त जमीन कहां है। दोनों स्थानों पर बुनियादी ढांचे की वास्तविक स्थिति क्या है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

डीपीएम गिरीश कुर्रे के अनुसार स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है। भूमि चयन में पहुंच, सुविधा और व्यवहारिकता को प्राथमिकता दी गई है। अंतिम निर्णय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सहमति से लिया जाएगा।



## कायस्थ समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए अटल

**बिल्हा।** कायस्थ समाज बिलासपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कोटा अटल श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही संस्थापक सदस्य विनोद श्रीवास्तव व संरक्षक अनिल व्यास भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ।

इस मौके पर अटल श्रीवास्तव ने कहा कि, समाज को संगठित करना ही महत्वपूर्ण कार्य है। किसी समाज का विकास तभी संभव है, जब सारा समाज संगठित होकर कार्य करे। समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने रिवर व्यू के पास चित्रगुप्त द्वार एवं चित्रगुप्त घाट बनाने का प्रस्ताव रखते हुए विधायक अटल श्रीवास्तव के सहयोग की आकांक्षा जताई। मंच संचालन रूमी श्रीवास्तव ने किया। अंत में भूतपूर्व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आकांक्षा श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, एमडी श्रीवास्तव, प्रदीप खरे विष्णु शरण श्रीवास्तव अशोक वर्मा आदि रूप से उपस्थित रहे। चुनाव संचालन कराने वाले अधिकारी अनिल वर्मा, विजय वर्मा, केके वर्मा, प्रदीप खरे का सम्मान किया गया। इन्होंने ग्रहण की शपथ-समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आलोक वर्मा सहित महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वंदना वर्मा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयंत श्रीवास्तव एवं कार्यकारिणी से प्रदीप वर्मा, मदन श्रीवास्तव, विजय किशोर वर्मा, गोर्वधन श्रीवास्तव, केके वर्मा, परेश श्रीवास्तव, रजनीश वर्मा राजेश वर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, शिवशरण श्रीवास्तव, विनोद वर्मा, विनीता वर्मा, आकांक्षा श्रीवास्तव, जूही वर्मा, अक्षय सिन्हा, विभा वर्मा, ज्योति सक्सेना, किरण श्रीवास्तव, दीपिका श्रीवास्तव, पद्मजा सिन्हा, सपना श्रीवास्तव, अंकिता प्रिया, चित्रलेखा श्रीवास्तव ने शपथ ग्रहण किया।

■ समाज को संगठित करना ही महत्वपूर्ण कार्य : अटल

## भाजयुमो मल्हार मंडल ने कराया समरसता भोज

**मल्हार।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण अंतर्गत मल्हार मंडल की ओर से सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे के संदेश को सशक्त रूप से प्रसारित करने हेतु 'समरसता भोज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक प्रमुखों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया एवं उनके प्रदत्त संविधानिक मूल्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

■ अनुसूचित जाति के वरिष्ठों को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर अनुसूचित जाति समाज के सम्मानित एवं वरिष्ठजनों का अभिनंदन किया गया, जिससे सामाजिक समरसता के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक अकत राम सिन्हा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से 'समरसता भोज' में सहभागिता करते हुए सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश दिया।



भाजयुमो जिला अध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी ने कहा, यह आयोजन न सिर्फ बाबा साहब के आदर्शों को स्मरण करने का माध्यम बना, बल्कि समाज में समरसता, सम्मान और समान अवसर की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि, डॉ अंबेडकर का जीवन हमें समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त कर समरस समाज का निर्माण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश मंत्री सन्नी केसरी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, मल्हार नपं अध्यक्ष धनेश्वरी केवर्त, उपाध्यक्ष सुशील चौबे, पार्षद रामफल कांत, पीयूष पाटले, मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा, भाजयुमो जिला मंत्री अंकित मिश्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक शेष नारायण गुप्ता, अवधेश नापित, हेमंत तिवारी, दिलीप पाण्डेय, आजूराम पाटले, छत्तू लहरे, जगजीवन पाटले, रामनारायण कांत, राजेश पाटले, तुलाराम पाटले, तमिश भारद्वाज, रामप्रसाद, नीलकंठ पाटले, शिवचरण पाटले, गोकुल पाटले, प्रहलाद पाटले, शिवकुमार बघेल, विमल कांत, हरीश भारद्वाज,अमित टंडन, फलित रात्रे, जसपाल कांत, छोटेलाल पाटले, आकाश पाटले, बेदून भारद्वाज, राजकुमार पाटले, सूरज पाटले, तारकेश भारद्वाज, आकाश कांत, रोशन लहरे, प्रभात राय सहित अनुसूचित जाति समाज के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चंद्रनाहू कुर्मी समाज की नई कार्यकारिणी रामसनेही बनाए गए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

तखतपुर मुंगेली परिक्षेत्र के बेलपान में चंद्रनाहू कुर्मी समाज की आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सदस्यों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष गौकरण कौशिक ने की।



सभा के दौरान सर्वप्रथम पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इसके पश्चात नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। ग्राम बीरगांव निवासी रामसनेही को सभी सदस्यों ने एकमत से निर्विरोध अध्यक्ष चुना, वहीं, सचिव पद के लिए प्रीतम कश्यप को भी निर्विरोध चुना गया। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सतीश कश्यप शिव कुमार कौशिक और रविशंकर हेमचंद कौशिक को उपाध्यक्ष बनाया गया। कोषाध्यक्ष का दायित्व जुगल कश्यप को सौंपा गया, जबकि संजीव कश्यप को सहसचिव बनाया गया। संरक्षक मंडल में प्रदीप कौशिक, राम स्वरूप कश्यप, संतोष कश्यप, गौकरण कौशिक, बिसाहूराम कश्यप और नेम कुमार कश्यप को शामिल किया गया।

## सतनामी समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन

**मुंगेली।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर गुरुघासीदास चौक स्थित सतनाम भवन में सतनामी समाज का युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों तथा अभिभावकों ने भाग लिया।

समिति द्वारा बाल गृह रामगढ़ एवं आनंद आश्रम रामगढ़ में रह रहे अनाथ बच्चों व बुजुर्गों को फल वितरण किया। मुख्य आयोजन के रूप में सतनाम भवन गुरुघासीदास चौक में सतनामी युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज के युवक-युवतियों एवं उनके अभिभावकों को एक मंच प्रदान करना था, जिससे वैवाहिक परिचय और सामाजिक समन्वय को बढ़ावा मिल सके। सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों तथा अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग के नेतृत्व में सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विजेंद्र पाटले रहे एवं अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता एवं सतनाम महासंघ के अध्यक्ष विकास खांडेकर तथा विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिल प्रबल उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में अधीक्षक एचडी डहरिया, पटवारी जयकिशन महिलांग, भुवन बघेल, लेखाधिकारी राजेश कुमार लहरे, सनत कुमार बंजारे, आभूषण पात्रे, दिलीप काठले, गीता बर्मन, शिवचरण टंडन, अनिल कुर्रे, रोहित डिंडोरे, देव प्रसाद बर्मन, राजकमल गेंदले एवं विवेक गोविंद का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन बसंत कुमार बंजारे, प्रदेश महामंत्री, गेवा ने किया गया।



## रतनपुरिहा गम्मत एवं सम्मान समारोह

### 23 उत्कृष्ट प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**रतनपुर।** पर्यावरण, पर्यटन एवं संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से पर्यावरण एवं 'पर्यटन समिति' बिलासपुर तथा 'प्रयास प्रकाशन' बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में सिद्धिविनायक मंदिर सभागार रतनपुर में एक दिवसीय 'रतनपुरिहा गम्मत एवं सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक रहे, जबकि अध्यक्षता महामंडलेश्वर दिव्यकांत शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ राघवेंद्र दुबे, डॉ विवेक तिवारी, मनोहर चंदेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां महामाया एवं सिद्धिविनायक के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 23 लोगों को अतिथियों के करकमलों से 'छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। साहित्य के क्षेत्र में डॉ आंचल श्रीवास्तव, आरएन राजपूत, प्रताप पांडे, डॉ दीनदयाल यादव, बलराम पांडे, ब्रजेश श्रीवास्तव, शुखदेव कश्यप, रामेश्वर शांडिल्य, किशन तंबोली, प्रमोद कश्यप एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षक दिनेश पांडेय, कला व संगीत के क्षेत्र में दिव्यांग गायक पृथ्वीराज वपूजा, किशोर दुबे, रामकुमार श्रीवास, समाज सेवा में मंतराम यादव, बाल गोविंद अग्रवाल, रेखा गुल्ला, रमेश चंद्र श्रीवास, शत्रुघ्न जैसवानी, हिमानी तिवारी, शेख अफरीदी, मुकेश श्रीवास्तव व भुवन वर्मा सम्मानित हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ पाठक ने कहा कि, रतनपुरिहा गम्मत के मंचन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे स्थानीय संस्कृति का संरक्षण हो सके। अध्यक्षता कर रहे महामंडलेश्वर दिव्यकांत शर्मा ने आयोजन की सराहना की। डॉ विवेक तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं जल बचाओ अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विलुप्त होती रतनपुरिहा गम्मत की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसमें संगीत, संवाद, नृत्य एवं श्रीकृष्ण लीला की झांकी ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नेत्रहीन कलाकारों की भजन प्रस्तुति ने भी खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन शीतल पाटनवार ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में साहित्यकार, कला प्रेमी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



## यादव समाज की बैठक में सामाजिक संगठन पर चर्चा

**मुंगेली।** पांच राज यादव महासमिति की बैठक ग्राम रीवापार में सम्पन्न हुई। जिसमें शिक्षा राजनीति आर्थिक सामाजिक संगठन व रामजी यादव की समस्या इन सभी विषय पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से चमरू यादव पत्थरी, विशेष आमंत्रित सदस्य पांच राज यादव महासमिति, पूर्व में तीन बार सरपंच, अध्यक्ष पांच राज यादव महासमिति धनीराम यादव पूर्व में दो बार रहें उपसरपंच ने सामाज को संबोधित करते हुए कहा पांच राज यादव महासमिति के अंर्तगत आठ विधानसभा हैं जिसमें यादव विधायक के लिए टिकट लाने व चुनाव जिताने का प्रयास करेंगे। चाहें कोई भी पार्टी से हो एक यादव विधायक रहना चाहिए। संजय यादव उपाध्यक्ष पांच राज यादव महासमिति व उपाध्यक्ष कांग्रेस ने कहा शिक्षा संगठन समाज में जरूरी है। मनोहर यादव उपाध्यक्ष पांच राज यादव महासमिति कुशल प्रवक्ता महामंत्री भाजपा मंडल सेतगंगा ने कहा राजनीति व रोजगार समाज में जरूरी है। महेन्द्र यादव जनपद सदस्य व अध्यक्ष यादव समाज नवागढ़ राज विनय यादव उपाध्यक्ष यादव समाज जिला मुंगेली। दो बार के उपसरपंच मकराल यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी, ओमप्रकाश यादव कार्यवाहक अध्यक्ष पांच राज यादव महासमिती शिवसेना प्रमुख, रूपचंद यादव कोषाध्यक्ष पांच राज यादव महासमिति। दिलीप यादव सचिव पांच राज यादव महासमिति, मनहरण यादव, तुलाराम यादव उपाध्यक्ष पांच राज यादव महासमिति, रामकुमार यादव सरपंच प्रतापपुर, दिलेश्वर यादव सरपंच ढबहा, वीरेंद्र यादव सचिव यादव समाज नवागढ़ राज सरपंच देवरी, दुखीराम यादव उपाध्यक्ष यादव समाज नवागढ़ राज, अमर यादव देवान यादव समाज नवागढ़ राज उपाध्यक्ष राधा कृष्ण मंदिर समिति, देवचरन यादव उपाध्यक्ष पंडरिया राज, शत्रुहन यादव, नेतराम यादव सलाहकार यादव समाज पंडरिया राज, डॉक्टर ओमकार यादव, श्यामू यादव, सलाहकार यादव समाज नवागढ़ राज, राजेंद्र यादव संगठन मंत्री यादव समाज नवागढ़ राज, जेठू राम यादव संरक्षक यादव समाज नवागढ़ राज, अशोक यादव उपाध्यक्ष यादव समाज नवागढ़ राज, डॉक्टर विजय यादव स्टार प्रचारक पांचों राज यादव महासमिति, टेकलाल यादव, अदालत यादव, पंचू यादव, नारायण यादव, राजेंद्र यादव ढबहा, सरहू यादव, राजेश यादव , सोनू यादव सचिव यादव समाज बिजईपुर राज, लक्ष्मण यादव सचिव यादव समाज लोरमी राज आदि समाज के प्रमुख लोग सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।



## सेन समाज ने मनाई सेन महाराज की जयंती

**भर्रीडांड़।** सेन समाज द्वारा मंगलवार 14 अप्रैल को गायत्री प्रज्ञा पीठ मरवाही में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती मनाई गई। सेन जी महाराज का जन्म 1300 ईसवीं में रीवा राज्य के बांधवगढ़ क्षेत्र में हुआ था। वे राजा वीर सिंह के राज नाई हुआ करते थे। वे धार्मिक स्वभाव के थे एवं कृष्ण की भक्ति में लीन रहते थे। उनसे जुड़ी एक कथा प्रचलित है, एक बार वे रास्ते में कृष्ण मंदिर में पूजा में शामिल हुए एवं उन्हें राजा की आज्ञा का ध्यान नहीं रहा।

राज आज्ञा का उल्लंघन ना हो इसलिए भगवान कृष्ण ने स्वयं भक्त सेन का रूप रख राजा की सेवा में गए। उनके स्पर्श से राजा के रोग भी जाते रहे, जिससे प्रसन्न होकर राजा ने अपना हार भगवान के गले में डाल दिया। पूजन समाप्त के बाद जब वे राजा के पास गए तब उन्हें पता चला कि, उनके जगह भगवान कृष्ण ने उनका काम कर दिया है। इस घटना के बाद में उनकी भक्ति और प्रगाढ़ हो गई और उन्होंने राज नाई का काम बंद कर भगवत भक्ति में लीन हो गए। सेन महराज की जयंती के अवसर पर मंगलवार को जिला जीपीएम के तीनों ब्लॉक के सेन समाज के लोगों ने गायत्री मंदिर मरवाही में एकत्र होकर सेन महराज की जयंती मनाई। जिला समन्वय हरिप्रसाद पटेल, मुख्य ट्रस्टी सुमन लता यादव, ब्लॉक सह समन्वयक अमीन सिंह मरावी द्वारा एक कुंडीय यज्ञ कराया गया। कार्यक्रम में सेन समाज के 300 लोगों की उपस्थित रही। भोजन के बाद समाज की आगे की कार्ययोजना के लिए अहम बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मरवाही परिक्षेत्र के अध्यक्ष संतोष कुमार सेन ने किया की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष लेखराम श्रीवास, सचिव सुनील कुमार श्रीवास, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष रानू श्रीवास, मनोहर सेन, राजकुमार श्रीवास, पवन श्रीवास, चोवाराम श्रीवास एवं समाज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### देवरीखुर्द में चाकू रखकर दहशतगर्दी, आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** देवरीखुर्द में चाकू रखकर दहशतगर्दी मचाने वाले गुण्डा बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह को सूचना मिली कि तोरवा थाने का गुण्डा बदमाश ईलू उर्फ राजेश्वर गर्ग पिता रंजन गर्ग 30 साल देवरीखुर्द में चाकू रखकर दहशतगर्दी मचा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर जाकर ईलू उफ राजेश्वर गर्ग को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ तोरवा थाने में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

### तेज रफ्तार से जा रहे डीजे वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार से जा रहे डीजे वाहन को युवक रोकने का इशारा कर रह था। चालक युवक को टक्कर मारते हुए भाग गया। हादसे में युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। हिर्री पुलिस के अनुसार, खरकेना निवासी शिवकुमार भारद्वाज पिता छेदूराम 35 साल के घर 12 अप्रैल को छठ्ठी कार्यक्रम था। 13 अप्रैल को भी खाने पीने का कार्यक्रम चल रहा था। शाम 5.30 बजे हरदी की ओर से डीजे वाहन क्रमांक सीजी 08 एई, 8216 का चालक तेज रफ्तार एवं अनियंत्रित गति से चलाते हुए गांव की तरफ आ रहा था। शिवकुमार भारद्वाज सड़क किनारे खड़े होकर तेज गति से गाड़ी चलाने से रोकने के लिए हाथ दिखाकर इशारा कर रहा था। चालक तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में शिवकुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सूने मकान से सोने के सिक्के व नकद रकम चोरी

**बिलासपुर।** सूने मकान से चोरों ने सोने के सिक्के व नकद रकम की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंधवापारा निवासी विजय कुमार साहू पिता मंगल साहू ट्रेवल एजेंसी के संचालक हैं। 12 अप्रैल को वे दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ ससुराल दल्हा पंडरिया गए थे। 13 अप्रैल की सुबह वे वापस घर आए तो ताला व दरवाजा टूटा मिला। आलमारी से दो सोने के सिक्के, 10 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अलग अलग घटनाओं में दो लोगों पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में आपसी विवाद में दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, देवनगर निवासी संदीप धृतलहरे 14 अप्रैल की रात 11 बजे घर में थे। इसी दौरान मोहल्ले का हेमराज दिव्या उन्हें बुलाकर सांई मंदिर के पीछे लेकर गया और उन्हें शराब पिलाया। उसके बाद पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी आंख के पास चोट आई है। दूसरी घटना में सरकण्डा चिंगराजपारा सूर्या चौक निवासी ईश्वर विश्वकर्मा पिता स्व. पूरन विश्वकर्मा 26 साल को सन्नी उर्फ जूनियर साहू ने गाली गलौज कर मारपीट कर पेट में चाकू से हमला कर दिया है।

---

**एआई शिक्षण प्रणाली को मिलेगा बढ़ावा** | राज्य सरकार ने इन स्कूलों में शासकीय स्कूलों की तर्ज पर फीस लेने की तैयारी

# आत्मानंद स्कूलों में मुफ्त नहीं रहेगी पढ़ाई, सालाना फीस 1500 रुपए तक होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूल (सेजेस) में अब पढ़ाई पूरी तरह मुफ्त नहीं रहेगी। राज्य सरकार ने इन स्कूलों में शासकीय स्कूलों की तर्ज पर फीस लेने की तैयारी कर ली है। इसके तहत 9 वीं से 12वीं तक के छात्रों को सालाना करीब 1500 रुपए तक फीस देनी होगी। इसमें लगभग 450 रुपए स्कूल फीस और शेष राशि शाला विकास समिति के मद में ली जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नियमित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय परिसर में मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण रखा जाएगा तो प्रत्येक माह में एक दिन निर्धारित कर इंग्लिश स्पीकिंग डे मनाया जाएगा। इसके साथ ही एआई आधारित शिक्षण प्रणाली को बढ़ावा दिया जाएगा।

गौरतलब है कि राज्य में वर्ष 2020 से शुरू हुए आत्मानंद स्कूलों की संख्या बढ़कर अब 751 हो गई है। जिले में इन




स्कूलों की संख्या 40 है। पिछले दिनों इन स्कूलों के संचालन की दिशा तय करने के लिए बैठक हुई। इसमें बोर्ड रिजल्ट की समीक्षा, प्रतियोगी व प्रवेश परीक्षा के लिए लक्ष्य निर्धारण, एडमिशन, अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों की दक्षता पर विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास, पीटीए आयोजन की सफलता की समीक्षा, पालक अधिकारी द्वारा किए गए प्रयास की समीक्षा, विद्यालय के वातावरण को आकर्षक बनाने में विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास, स्मार्ट क्लास रूम व पुस्तकालय के उपयोग पर चर्चा की गई।

- इसमें 450 रुपए स्कूल फीस और शेष राशि शाला विकास समिति के मद में ली जाएगी
- राज्य में वर्ष 2020 से शुरू हुए आत्मानंद स्कूलों की संख्या बढ़कर अब 751 हो गई है

### इस तरह ली जाएगी फीस

| मद | हाईस्कूल | हायर सेकेंडरी |
|---|---|---|
| कार्यकलाप | 50 | 50 |
| निर्धन छात्र | 10 | 10 |
| विज्ञान क्लब निधि | 10 | 10 |
| बालचर निधि | 50 | 50 |
| रेडक्रॉस निधि | 30 | 30 |
| कीड़ा शुल्क | 50 | 6 |
| विज्ञान क्लब | 10 | 10 |
| प्रायोगिक शुल्क | 50 | 70 |
| परीक्षा शुल्क | 150 | 150 |
| योग | 410 | 445 |

### अनुदान राशि बढ़कर 5 लाख होगी

इसके साथ ही यह तय किया गया कि इन स्कूलों को मिलने वाले अनुदान को फिर से 5 लाख रुपए किया जाए। इससे पहले यह राशि घटाकर 2 लाख कर दी गई थी। प्राचार्यों ने बताया कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालन के लिए शासन द्वारा प्रत्येक विद्यालय को 5 लाख रुपए प्रदान किए जाते थे। इस राशि से विद्यालयीन व्यवस्था की जाती थी। बीते दो सत्रों से स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को मिलने वाले फंड में कमी आई है। इसके अतिरिक्त फंड भी विलंब से प्रदान किया जा रहा है। आर्थिक समस्या को देखते हुए अब निर्णय लिया गया है कि अन्य शासकीय विद्यालयों की तर्ज पर स्वामी विवेकानंद विद्यालय में भी छात्रों से शुल्क लिया जाएगा, ताकि व्यवस्था पूर्ववत संचालित होती रही। मौजूदा अनुदान से साफ-सफाई, स्टेशनरी, परीक्षा और रखरखाव जैसे जरूरी खर्च भी पूरे नहीं हो पाते हैं। इसलिए राशि बढ़ाए जाने का फैसला सही है।

### गाइड लाइन पर हुई है चर्चा

स्कूलों के संचालन के लिए नई गाइडलाइन पर चर्चा हुई है। इसमें बोर्ड रिजल्ट की समीक्षा, प्रतियोगी व प्रवेश परीक्षा के लिए लक्ष्य निर्धारण, एडमिशन, अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों की दक्षता पर चर्चा की गई। इसके तहत 9 वीं से 12 वीं तक के छात्रों को सालाना करीब 1500 रुपए तक फीस देनी होगी। इसमें लगभग 450 रुपए स्कूल फीस और शेष राशि शाला विकास समिति के मद में ली जाएगी।

**- विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

---

शहर का शिवघाट व पचरीघाट बराज पूरी तरह बनकर तैयार

# बराज तैयार, टांसफार्मर का इंतजार





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में अरपा नदी पर बनाए गए दोनों बराज शिवघाट व पचरीघाट पूरी तरह बनकर तैयार हो चुके हैं। बस टांसफार्मर लगना बाकी है, जिसके लिए सिंचाई विभाग ने सारी औपचारिकता पूरी कर ली है। अब पिछले एक महीने से बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाए जाने का इंतजार किया जा रहा है। इधर शहरवासियों ने बराज के ऊपर से आवाजाही भी प्रारंभ कर दी है, लेकिन शाम को अंधेरा होने के कारण दुर्घटना का भय भी बना रहता है।

अरपा नदी में बारहों महीने जलभराव के उद्देश्य से सिंचाई विभाग द्वारा दो बराज बनाए गए हैं। शिवघाट तो बीते वर्ष से ही बनकर तैयार हो चुका था, वहीं अब पचरीघाट का निर्माण भी पूरा किया जा चुका है। आज की स्थिति में दोनों ही बराज में ट्रांसफार्मर लगाना शेष है, जिसके लिए विद्युत विभाग द्वारा बताई गई सार औपचारिकताएं सिंचाई विभाग के द्वारा पूरी कर ली गई हैं। दोनों ही बराज में विद्युत मंडल द्वारा दो-दो सौ किलोवाट के ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं, जिसके लिए आवेदन व ट्रांसफार्मर की राशि सिंचाई विभाग द्वारा एक माह पहले ही जमा की जा चुकी है। ठेकेदार द्वारा अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाए जाने की वजह पूछने पर बिजली विभाग द्वारा अब तक ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराए जाने की बात कही जाती है।

- दोनों बराज में ट्रांसफार्मर लगाने बिजली विभाग दे रहा पेशी

शहर के भीतर दो-दो बराज बन जाने के बाद फिलहाल अरपा नदी में जलभराव नजर आए या न आए, लेकिन शहरवासियों को अरपा पार जाने के लिए बराज के रूप में दो नए पुल जरूर मिल गए हैं। शहरवासियों द्वारा कुदुदंड से सरकंडा जाने के लिए एवं पचरीघाट से चांटीडीह जाने के लिए इस पुल का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। शनिचरी रपटा के आए दिन जाम होने के कारण पचरीघाट बराज से आवाजाही लोगों को काफी राहत प्रदान करती है। दिक्कत यह है कि पूरी तरह बनकर तैयार बराज में प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में बराज के ऊपर पूरी तरह अंधेरा होने के कारण न केवल वाहनचालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का डर बना रहता है, बल्कि बराज के ऊपर नशेड़ियों व उपद्रवी तत्वों के द्वारा किसी अनचाही घटना को अंजाम देने का भय भी बना रहता है। अब देखना है कि बिजली विभाग द्वारा दोनो बराज पर ट्रांसफार्मर स्थापित करने में और कितने दिनों का समय लिया जाता है।

### बिजली विभाग को दिया गया है आवेदन

शिवघाट व पचरीघाट बराज पूरी तरह बनकर तैयार हो चुके हैं। दोनों में दो-दो सौ किलोवाट के ट्रांसफार्मर स्थापित करना शेष है, जो कि बिजली विभाग को करना है। सिंचाई विभाग द्वारा इसके लिए बिजली विभाग को आवेदन व ट्रांसफार्मर के लिए अपेक्षित राशि का भुगतान भी एक माह पूर्व किया जा चुका है।

**-पीएन श्रीवास्तव**, एसडीओ खारंग डिवीजन

## पार्टनरशिप में सुपर मार्ट खोलने का झांसा देकर 22 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर पार्टनरशिप में सुपर मार्ट खोलने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 22 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले में धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, महापायापारा निवासी दिलेश्वर सिंह मरकाम पिता स्व. ईतवार सिंह मरकाम ने रिपोर्ट लिखाई। वे गिरजाबंद गेट के बाजू में हेल्थ सेक्टर में एडीवाइजर का काम करते हैं। 16 मार्च 2025 को दोपहर में ढोलपुर खम्हरिया हरदीबाजार कोरबा निवासी पुरूषोत्तम दास उर्फ कबीर सिंह मानकपुरी उनके घर आया और उन्हें बताया उसके पास एक बिजनेस आईडिया है और कटघोरा में कबीर एम सुपर मार्ट खोलने जा रहा है। उन्हें सम्मिलित होकर व्यापार करने की बात कहीं और जो भी लाभांश आयेगा उसे आपस में बांट लेंगे, जिससे वे सहमत हो गए। उन्होंने एम सुपर मार्ट खोलने के लिए 9 लाख रुपए फोन पे के माध्यमों से व 13 लाख रुपए गवाहों की उपस्थिति में नकद दिए। पैसा लेने के बाद वह एम सुपर मार्ट नहीं खोला तो उन्होंने अपना पैसा वापस मांगे तो 2 - 2 लाख का 3 चेक व 5 - 5 लाख का 5 चेक कुल 16 लाख दिया। उन्होंने चेक बैंक में जांच कराए तो उसके बैंक खाते में पैसा नहीं था। श्री मरकाम ने उन्हें बैंक में पैसा नहीं होने की बात कही तो उसने कोटक महिन्द्रा से उनके नाम से 50 लाख रुपए जमा करने की रसीद उनके मोबाइल के वाट्सएप में भेज दिया कहा कि शेष राशि नुकसानी के लिए है, किन्तु उक्त रकम उनके बैंक खाते में जमा नहीं हुई है। फोन से पैसा मांगने पर दिल्ली, रायपुर, बिलासपुर, पेंड्रा आओ बोलकर अलग अलग जगहों में बुलाता था और मिलता नहीं था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पुरूषोत्तम दास मानिकपुरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर होटल में नाबालिग से अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर शहर की होटल में नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़की व पचपेड़ी बकरकुदा निवासी प्रमोद यादव वर्ष 2023 में स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। दोनों के बीच जान पहचान हुई और प्रेम संबंध हो गया। उस दौरान युवक नाबालिग को घुमाने के लिए बिलासपुर लाया और हेमूनगर के एक होटल में लेकर रुका। वहां युवक ने शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद युवक नाबालिग का दैहिक शोषण करता रहा है। नाबालिग ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 64, 2 व 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## थाना परिसर में एएसआई ने पीड़ित को गाली गलौज कर पीटा, सस्पेंड

**बिलासपुर।** रतनपुर थाना परिसर में पीड़ित ने परिवाद जांच शीघ्र पूर्ण करने कहा तो आक्रोशित एएसआई ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर एएसआई के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। एसएसपी ने मारपीट करने वाले एएसआई को निलंबित कर दिया है। रतनपुर निवासी विनोद कुमार जायसवाल पिता गनपत जायसवाल 12 अप्रैल को रतनपुर थाना गए और परिसर में एएसआई दिनेश तिवारी से मिलकर परिवाद जांच शीघ्र पूर्ण करने कहा। इससे एएसआई तिवारी आक्रोशित हो गए और उनके साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी। थाना परिसर में मारपीट की घटना से हड़कंप मच गया आनन फानन में पुलिसकर्मियों के द्वारा बीच बचाव कर विवाद शांत कराया गया। पीड़ित श्री जायसवाल ने घटना की शिकायत एसएसपी रजनेश सिंह से की। एसएसपी श्री सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना परिसर में मारपीट कर अवैधानिक कृत्य कर अशोभनीय आचरण प्रदर्शित करने के कारण एएसआई तिवारी को निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच किया है। 15 अप्रैल को रतनपुर थाने में पीड़ित विनोद कुमार जायसवाल की रिपोर्ट पर एएसआई तिवारी के खिलाफ गाली गलौज मारपीट के धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। एडिशनल एसपी मधुलिका सिंह ने बताया, मारपीट करने वाले एएसआई के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

- पीड़ित की शिकायत पर एएसआई के खिलाफ जुर्म दर्ज

### शासकीय राशि गबन का फरार कर्मचारी गिरफ्तार

बिलासपुर। शासकीय राशि का गबन करने वाले फरार कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, 3 मार्च को नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई थी। नवल सिंह पैकरा लेखापाल एवं देवेन्द्र कुमार पालके वृत्य विकास खंड कोटा के द्वारा शासकीय कर्मचारी होते हुए शासकीय राश सितंबर 2024 से फरवरी 2025 तक 25 लाख 44 हजार 22 रुपए एवं मार्च 2025 से नवंबर 2025 तक 4 लाख 57 हजार 800 रुपए कुल 29 लाख 62 हजार 222 रुपए गबन कर दिया है। पुलिस ने फरार कर्मचारी कोटा धरमपुरा निवासी देवेन्द्र कुमार पालके पिता स्व. गुलाबचंद पालके 38 साल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नवल सिंह पैकरा की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## हाईकोर्ट ने कहा - सड़कों की दुर्दशा ही प्रदूषण, जाम व हादसों की मुख्य वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से लगे हुए दाधापारा स्टेशन के पास की सड़क भारी वाहनों से खराब होने के मामले में शासन और सीएसडीआईसी को जवाब पेश करने हाईकोर्ट ने समय प्रदान किया है। अगली सुनवाई समर वेकेशन के बाद ही होगी।

दरअसल कोयला परिवहन और अन्य खनिजों का परिवहन करने वाले भारी वाहनों से सडकें खराब हो रही हैं , इस बारे में समाचार प्रकाशित होने पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शरू की थी। पहले हुई सुनवाई में डिवीजन बेंच ने कोयला और फ्लाई ऐश परिवहन करने वाली गाड़ियों को तिरपाल से ढककर चलाने का निर्देश दिया था। कोर्ट कमिश्नर रविंद्र शर्मा ने रिपोर्ट में बताया था कि माणिकपुर माइंस तक जाने वाली सड़क पर कीचड़, धूल




**दाधापारा स्टेशन के पास की सड़क भारी वाहनों से खराब**

और फ्लाई ऐश फैला हुआ है, जिससे दुर्घटनाओं और जाम का खतरा बना रहता है।

### जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम भी शुरू

हाईकोर्ट ने माना कि, सड़कों की दुर्दशा ही प्रदूषण, जाम और हादसों की मुख्य वजह है। मुख्य सचिव और पर्यावरण संरक्षण मंडल ने बताया था कि पिछले दो साल में परिवहन नियमों के उल्लंघन पर औद्योगिक इकाइयों से 1.43 करोड़ रुपए से अधिक का पर्यावरण मुआवजा वसूला गया है। फ्लाई ऐश की आवाजाही पर निगरानी के लिए जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम भी शुरू किया गया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने दाधापारा रेलवे स्टेशन के पास की सड़क में निजी कम्पनियों द्वारा सड़क बर्बाद किये जाने पर संज्ञान लिया और इस मामले में भी चीफ जस्टिस की डीबी ने सुनवाई शुरू कर दी। इसमें कोर्ट ने नगर निगम, शासन और छत्तीसगढ़ औद्योगिक संरचना विकास निगम से पूछा था कि, इस समस्या का क्या समाधान किया जा रहा है। पक्षकारों के अनुरोध के बाद हाईकोर्ट ने सीएसआईडीसी और राज्य शासन को जवाब पेश करने का समय प्रदान कर दिया। इसके साथ ही अगली सुनवाई हाईकोर्ट समर वेकेशन के बाद रखी गई है ।

***बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत शहर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 20 कुदुदंड माताचौरा के पास, 223 फोकट पारा कतियापारा, 111 निराला नगर कतियापारा एवं 124 लोधीपारा नाकापारा में सहायिका के 1-1 रिक्त पदों पर 23 अप्रैल तक वेबसाइट में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## आज से चार दिनों तक लू चलने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रति चक्रवात निर्मित होने के कारण प्रदेश में अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने की संभावना

- दोपहर बारह से तीन बजे तक धूप में ना निकलने की सलाह
- अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी के संकेत

जाहिर की गई है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश के मध्य क्षेत्र में अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान गुरूवार से 19 अप्रैल तक लू चलने की संभावना जाहिर करते हुए दोपहर बारह से तीन बजे तक धूप में ना निकलने की सलाह दी है।



शहर में अब प्रचंड गर्मी का असर नजर आने लगा है। लोग दोपहर को अनावश्यक बाहर निकलने से बचने लगे हैं, जिससे शहर की सड़कें सूनी दिखाई देने लगी हैं। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान में अभी और बढ़ोतरी होने की बात कही है। इस दौरान गुरूवार से 19 अप्रैल तक ग्रीष्म लहर चलने की संभावना भी जाहिर की गई है। मौसम वैज्ञानिक डा.एचपी चंद्रा के अनुसार एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश से मोरिन तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसी तरह एक प्रति चक्रवात कर्नाटक और उससे लगे महाराष्ट्र के ऊपर 3.1 कम से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। उन्होंने प्रदेश में गुरूवार को मौसम शुष्क करने की संभावना बताते हुए प्रदेश के मध्य क्षेत्र में एक दो हिस्सों में ग्रीष्म लहर चलने अथवा ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना भी जाहिर की है।

### 43 डिग्री के साथ राजनांदगांव रहा सबसे गर्म

बुधवार को प्रदेश में राजनांदगांव 43 डिग्री टेंप्रेचर के साथ सबसे अधिक गर्म रहा। इसी तरह बिलासपुर व दुर्ग 41. 9 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ दूसरे नंबर पर सबसे गर्म जिले रिकार्ड किए गए। बिलासपुर शहर में न्यूनतम तापमान की स्थिति 24 डिग्री सेंटीग्रेड रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411